CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, बुधवार 18 मार्च 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 345 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फिर बदलेगा मौसम, 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार पेज 2



आईपीएल 2026: युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता सम्पादकीय



ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं पेज 12

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत: IDF

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। इन हमलों में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।



■ इजरायली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी किया दावा

## बगदाद के अमेरिकी दूतावास और अन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

**बगदाद/वाशिंगटन।** इराक में मंगलवार तड़के ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास को एक बार फिर निशाना बनाया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सीएनएन के अनुसार दूतावास परिसर से हवाई रक्षा प्रणालियों ने एक प्रक्षेप्य को बीच में ही रोक दिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इराक में अमेरिकी दूतावास, एक होटल और दक्षिण के एक तेल क्षेत्र सहित कई स्थानों को ड्रोन हमलों की श्रृंखला में निशाना बनाया गया। अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इराक की सेना ने पुष्टि की है कि दक्षिण में स्थित मजनून तेल क्षेत्र पर भी हमला किया गया था। चार ड्रोनों ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया। इराकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने टकराने से पहले ही उन सभी को बीच में रोककर नष्ट कर दिया।

# ट्रम्प प्रशासन को लगा बड़ा झटका

## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रम्प प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जो केंट ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं, बल्कि इजरायल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लाबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते -शेष पृष्ठ दो पर

■ कहा: इजरायल के दबाव में किया ईरान पर हमला

### ईरान ने कतर में अमेरिकी अड्डे, इजरायल में रक्षा ढांचे पर किया हमला

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान ने कतर में एक अमेरिकी अड्डे और इजरायल में मिसाइल रक्षा ढांचे पर हमला किया है। फॉर्स समाचार एजेंसी न आईआरजीसी के हवाले से कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 57वां चरण कब्जे वाले क्षेत्रों के मध्य में स्थित लक्ष्यों के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाया गया।

### 28वां रोज़ा

### सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं



कुरआने-पाक के तेईसवें पारे की सूरह सफ्फात की पचहत्तरवीं आयत में अल्लाह का इरशाद है- और हमको नूह ने पुकारा सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं। इस आयत की रोशनी में अठ्ठाईसवां रोज़ा बेहतर तौर पर समझा जा सकता है। गौरतलब बात यह है कि रमज़ान का यह आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। अल्लाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसका कोई शरीक नहीं है और वो अपने बंदे की फरियाद सुनता है। जैसा कि मजकूर आयत में अल्लाह ने खुद फरमाया है सो हम खूब फरियाद करते हैं। यहां समझने-समझाने के लिहाज से बाद वाला कौल पहले देखना होगा, क्योंकि इसी कौल पर इबादत और रहमत के ताल्लुक का दारोमदार है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, तालिबान का आरोप, पाक सेना ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

काबुल, वार्ता

**पाकिस्तान ने** सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची, तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, -शेष पृष्ठ दो पर



■ शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा: काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया

### भारत ने की काबुल में अस्पताल पर पाक के हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक अस्पताल पर पाकिस्तान के हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत सोमवार की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है।

# पैटर्निटी लीव पर भी कानून बने: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पितृत्व अवकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बच्चे का पालन-पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है।

पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है और शुरुआती समय में दोनों की मौजूदगी बच्चे के विकास के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की। अदालत ने उस नियम को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें गोद लेने वाली महिला को तभी मातृत्व अवकाश मिलता था जब बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी -शेष पृष्ठ दो पर

केंद्र सरकार को सलाह दी, कहा: पालन-पोषण सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं, कानून बनाने की अपील



### सीजेआई का सुझाव फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे।





# अब गुजरात में UCC की तैयारी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी। रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

■ समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी, 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक

# हरियाणा में हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच कांग्रेस ने जीती राज्यसभा की एक सीट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 16 घंटे तक चले हाई-वोल्टेज चुनावी ड्रामे के बाद कांग्रेस पार्टी दो में से एक राज्यसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कब्जे वाली एक सीट को प्रभावी रूप से अपने नाम कर लिया है।

सोमवार को हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों पर हुए मतदान में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस और बीजू जनता दल के खाते में एक-एक सीट आई। हरियाणा में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध विजयी घोषित किए गए जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में मतदान की प्रक्रिया विवादों से घिरी रही। दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की औपचारिक आपत्तियों के कारण मतगणना में देरी हुई और यह रात 10:25 बजे शुरू हुई और मंगलवार तड़के 1:30 बजे संपन्न हुई। राज्य मंत्री गौरव गौतम के अनुसार, यह चुनाव आंतरिक कलह और क्रॉस-वोटिंग के साए में रहा। उन्होंने बताया कि कुल चार वोट रद्द किए गए।

■ राजग ने कुल 11 में से नौ सीटें जीती

# बरेली में सास व साले का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया। रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया।

हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की। सूचना मिली अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। अपनी पत्नी को मारने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण के लिए कई बार कहा कि लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल रूपेंद्र और कांस्टेबल अनुराग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्तौल, घटना में इस्तेमाल की गई चाकू, चार लाइव कार्टेज और कुल 10 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अफसर का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2009 में उसने अपने सगे मामा की हत्या की थी, जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह जमानत पर था। उसके खिलाफ चोरी का भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब उसके अन्य अपराधों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अफसर और साइमा की शादी लगभग नौ साल पहले हुई थी। पत्नी द्वारा ससुराल जाने से इन्कार करने पर सोमवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें आरोपी अफसर खां ने वारदात कर दी।

■ हत्यारोपी ने पत्नी सहित चार लोगों पर किया था चाकू से हमला

### लोकसभा के आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाए।

# रिटायर्ड आईपीएस, डीजीपी व सैन्य अफसरों का राहुल को लेटर

**नई दिल्ली।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईपीएस-आईएएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर राहुल गांधी ने चाय और बिस्किट खाया। लेटर में कहा गया कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी गरिमा हर समय बनी रहनी चाहिए। संसदीय परंपराओं के मुताबिक लोकसभा और राज्यसभा कक्ष ही नहीं, बल्कि संसद परिसर की सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी भी उसी संस्था का हिस्सा हैं। इसलिए वहां भी सांसदों का आचरण उसी मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। लेटर में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराती हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह ओपन लेटर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद ने जारी किया है। लेटर पर 204 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 116 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और 84 पूर्व नौकरशाह शामिल हैं। इसके अलावा चार पूर्व राजदूत और चार सीनियर वकील भी सिग्नेचर करने वालों में शामिल हैं।



■ कहा: संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता

## संक्षिप्त समाचार

### गोरखपुर में भाजपा नेता राजकुमार की दिनदहाड़े हत्या

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता राजकुमार चौहान की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बरगदवा गांव में आज सुबह पूर्व पार्षद राजकुमार चौहान मार्निंग वॉक पर निकले थे कि पहले से घात लगाए कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोली मार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हे घायलावस्था में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज लाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। उच्च अधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन, पुलिस ने रोका

**लखनऊ।** लखनऊ में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में देरी से नाराज अभ्यर्थियों ने मंगलवार को अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी कटोरा लेकर भीख मांगते हुए हजरतगंज चौराहे से विधानसभा घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें जीपीओ के पास ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वर्ष 2024 की भर्ती प्रक्रिया कोर्ट में लंबित है और अब तक 53 तारीखें लग चुकी हैं, लेकिन कोई निर्णय नहीं आया। इससे हजारों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी सूरज सिंह ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से बेरोजगार हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ 883 पेज का जवाब दाखिल

**प्रयागराज, वार्ता**



इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आशुतोष ब्रह्मचारी मंगलवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती की अग्रिम जमानत अर्जी पर अदालत के आदेश के अनुपालन में अपना लिखित जवाब दाखिल किया।

आशुतोष ब्रह्मचारी 883 पेज का लिखित जवाब लेकर हाईकोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इसमें नाबालिग बटुकों के साथ कथित कुकर्म और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि शंकराचार्य होने के संबंध में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दाखिल हलफनामे से जुड़े तथ्यों के संबंध में भी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। गौरतलब है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ ने 27 फरवरी को आदेश जारी कर अंतिम आदेश आने तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। साथ ही सभी पक्षकारों को 12 मार्च तक अपना रिटर्न सबमिशन दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि 12 मार्च को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आशुतोष ब्रह्मचारी हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल नहीं कर सके थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने ईमेल के माध्यम से अदालत को सूचित किया था कि सुरक्षा कारणों से वह उस दिन कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। अब उन्होंने अदालत में अपना जवाब दाखिल करते हुए देरी के लिए माफी याचिका भी प्रस्तुत की है। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ उनके पास ठोस साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें वह अदालत में प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन साक्ष्यों के आधार पर वह हाईकोर्ट में उनकी नियमित जमानत अर्जी का विरोध करेंगे और नाबालिग बटुकों के यौन शोषण के मामले में ट्रायल कोर्ट से सजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

■ 27 फरवरी के आदेश में लगी थी गिरफ्तारी पर रोक

### वकीलों की हड़ताल से आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान नहीं हो सका दर्ज

इसी बीच जिला अदालत में चल रहे एक अन्य मामले में वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण मंगलवार को आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान दर्ज नहीं हो सका। उन्हें 18 जनवरी 2026 को मौनी अमावस्या के दिन सेक्टर चार त्रिवेणी मार्ग पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय यात्रा के दौरान हुए हमले के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम की अदालत में बयान दर्ज कराना था। वकीलों की हड़ताल के कारण अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 2 मई निर्धारित की है। अब इस मामले में वादी आशुतोष ब्रह्मचारी का बयान 2 मई को दर्ज किया जाएगा। आशुतोष ब्रह्मचारी ने अपने ऊपर हुए हमले के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद सरस्वती और उनके शिष्यों पर मारपीट का आरोप लगाया था, जिसमें वह घायल भी हो गए थे।

# ईद सादगी से मनाएं देश के मुसलमानः मौलाना कल्बे जव्वाद व अली जैदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





■ अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत से उम्मत में गम का माहौल, यह सदी की सबसे अजीम शहादत, हम सब गहरे गम में हैं

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत के बाद पूरे विश्व के साथ-साथ भारत के मुसलमानों में भी गहरा शोक व्याप्त है। इसी क्रम में शिया वक बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी और प्रसिद्ध शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने देश के मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि इस वर्ष ईद-उल-फितर का त्योहार सादगी और गमगीन माहौल के साथ मनाया जाए।

उन्होंने कहा कि अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत केवल ईरान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए एक बड़ा सदमा है। उनके अनुसार यह सदी की सबसे अज़ीम शहादतों में से एक है, जिसकी वजह से पूरी उम्मत गहरे गम और शोक में डूबी हुई है। अली जैदी और मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि आज हालात ऐसे हैं, जैसे किसी घर में किसी अपने का इंतकाल हो गया हो। जब किसी परिवार में किसी का निधन होता है तो खुशियों और जश्न को सीमित कर दिया जाता है, उसी तरह मौजूदा समय में भी मुसलमानों को ईद को सादगी, इबादत और खामोशी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत समेत कई देशों में शिया समुदाय इस घटना को लेकर गहरे दुख में है। अयातुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पूरी दुनिया के मुसलमानों के लिए गम और शोक का कारण बनी हुई है, इसलिए ईद जैसे खुशी के त्योहार को भी इस वर्ष सादगी और गंभीरता के साथ मनाना चाहिए। धार्मिक नेताओं ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद के मौके पर अनावश्यक दिखावा, बड़े जश्न और आतिशबाजी से बचें तथा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें। साथ ही शहीदों के लिए दुआ और फातिहा पढ़कर उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करें। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी उम्मत को एकजुट होकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देना चाहिए।

# रेलवे आम आदमी के सुविधाजनक सफर पर भी पर्याप्त ध्यान दे: विपक्ष

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ टीएमसी ने अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में कहा

लोकसभा में विपक्ष ने आम आदमी के लिए ज्यादा ट्रेनें चलाने और सफर में उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी राय ने रेलवे की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर जारी चर्चा में शामिल होते हुए मंगलवार को कहा कि मजदूरों और आम आदमियों के लिए ट्रेनें चलाई जानी चाहिए और उन्हें सफर के दौरान कोई असुविधा न हो इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्काल टिकट लेने वाले निचली बर्थ आरक्षित करा लेते हैं जबकि पहले से आरक्षण कराने में बुजुर्गों को ऊपर की बर्थ मिलती है। पैसे वाले लोग सुविधाजनक सफर करते हैं, जबकि आम आदमी को सफर में दुश्वारियां पेश आती हैं। सुश्री राय ने कहा कि बुजुर्गों के लिए निचली बर्थ ही आरक्षित किए जाने के प्रावधान किए जाने चाहिए। अस्सी वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए भी ऊपरी बर्थ आरक्षित कर दी जाती है। इससे उन्हें बड़ी परेशानी होती है। ऊपर की बर्थ पर चढ़ने के दौरान उनके गिर कर घायल होने की भी खबरें आई हैं। इसी के साथ उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को किराए में रियायत फिर शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में स्थानीय वेंडर खाने की आपूर्ति कर रहे हैं, जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं होती और स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। सुश्री राय ने कहा कि आरक्षण के लिए प्रतीक्षा सूची में शामिल टिकट रद्द कराने पर भी रेलवे पैसे काट रहा है, जो कतई उचित नहीं है।

## 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार

# उत्तर प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ आज मौसम शुष्क बना रहेगा, जबकि 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी: विशेषज्ञ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 19 मार्च से प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होगा, जो 22 मार्च तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तरी पंजाब के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिणी हरियाणा के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों में तराई और आसपास के मध्य जिलों में रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक देखने को मिली थी। हालांकि अब यह गतिविधियां थम गई हैं। वर्तमान में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के अभाव में 18 मार्च तक मौसम शुष्क बना रहेगा।

इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, 19 मार्च से पश्चिमी यूपी में बारिश की शुरुआत होगी, जो धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में फैल जाएगी। इस बारिश के चलते अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है और तापमान सामान्य या उससे नीचे पहुंच सकता है। हाल ही में हुई बारिश के दौरान मुजफ्फरनगर में 7.2 मिमी, बिजनौर में 6.8 मिमी, सहारनपुर में 5.2 मिमी और संभल में 2.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई, जहां नजीबाबाद में 12.5 डिग्री, मेरठ में 13.6 डिग्री, मुजफ्फरनगर में 14.8 डिग्री और अयोध्या में 15 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी में दिन का तापमान 33.1 डिग्री और रात का तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को यहां आसमान साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी बांदा में 36.6 डिग्री, उरई में 36.4 डिग्री, फतेहपुर में 36.2 डिग्री और प्रयागराज में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल 1.2 दिन गर्मी बढ़ेगी, लेकिन 19 मार्च से मौसम बदलते ही प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

### दरोगा भर्ती के विवादित सवाल से नाराज युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस भर्ती बोर्ड मुख्यालय के बाहर मंगलवार को एक युवक ने आत्मदाह की कोशिश कर हड़कंप मचा दिया। युवक अपने साथ बोतल में केरोसीन लेकर पहुंचा था और मुख्य गेट के सामने आते ही उसने अपने ऊपर केरोसीन छिड़कना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया और बड़ा हादसा टल गया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के रूप में हुई है। उसका आरोप है कि हाल ही में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा में एक विवादित सवाल पूछा गया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 76070.84
निफ्टी 23581.15



सोना 159810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 275000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी आईटी व एफएमसीजी कंपनियों पर दबाव

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही, हालांकि आईटी और एफएमसीजी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक (0.75 प्रतिशत) चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी-50 सूचकांक भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त में 23,581.15 अंक पर पहुंच गया। ऑटो, धातु, मीडिया, रियलटी, वित्त, निजी बैंकों और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में मजबूत लिवाली के बीच आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के सूचकांक गिरावट में रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.03 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग पौने छह फीसदी मजबूत हुआ। टाटा स्टील में करीब साढ़े चार फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीईएल, एलएंडटी और भारती एयरटेल के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। मारुति सुजुकी, इंडिगो, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। टीसीएस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी गिरावट में रहे।

### सोना और चांदी की कीमतों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। चांदी की कीमत 3000 रुपये बढ़कर 2.59 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 860 रुपये बढ़कर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सुबह 10 पर 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में सोने 1,061 रुपए या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 1,56,797 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। अब तक के कारोबार में सोने ने 1,56,649 का न्यूनतम स्तर और 1,56,996 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ है, जो दिखाता है कि सोना तेजी के साथ, लेकिन एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। दूसरी तरफ 5 मई 2026 के कॉन्ट्रैक्ट में चांदी 3,353 रुपए या 1.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,59,885 रुपए पर कारोबार कर रही थी। अब तक के कारोबार में चांदी ने 2,58,338 रुपए का न्यूनतम स्तर और 2,61,457 रुपए का उच्चतम स्तर छुआ। एशियाई कारोबार के दौरान स्पॉट गोल्ड की कीमत मामूली बढ़त के साथ करीब 5,008 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। वहीं स्पॉट सिल्वर की कीमत 0.21 प्रतिशत गिरकर लगभग 80.5 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मुद्रा योजना में एनपीए 2.3 प्रतिशत के करीब

**नई दिल्ली, वार्ता**

सरकार ने मंगलवार को बताया कि मुद्रा योजना में पिछले तीन साल में कुल 15.50 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिए गए हैं और गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का अनुपात कुल दिए गए ऋण के 2.3 प्रतिशत के आसपास है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि मुद्रा योजना के तहत मुख्य रूप से तीन श्रेणियां हैं- शिशु, किशोर और तरुण।

तीनों योजनाओं को मिलाकर कुल एनपीए लगभग 2.3 प्रतिशत के आसपास है। विशेषकर शिशु श्रेणी में एनपीए के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस श्रेणी में एनपीए कुल दिए गए ऋण के 1.83 प्रतिशत के आसपास है। उन्होंने कहा, षशिशु यदि श्रेणीवार मैं विशिष्ट एनपीए की बात करूं, तो इसका एनपीए अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने बताया कि शिशु श्रेणी में पहली बार ऋण लेने वालों को वित्तीय मदद दी जाती है, जो बहुत ज्यादा नहीं होता। तो ऐसा नहीं है कि एनपीए बहुत ज्यादा है, या यह काफी बड़ा हिस्सा है और इसलिए हमें व्यापक स्तर पर कार्रवाई करनी होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना में ऋण लेने वाले ज्यादातर लोग बैंक के आसपास के ही होते हैं, और इसलिए बैंक उनसे नियमित संपर्क में हैं। मूल प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि अप्रैल 2022 से मार्च 2025 के बीच कुल 18.37 करोड़ खातों में 15.50 लाख करोड़ के ऋण जारी किए गए हैं। इसमें शिशु श्रेणी में 3.96 लाख करोड़, किशोर में 7.52 लाख करोड़, तरुण में 3.98 लाख करोड़ और तरुण प्लस में चार हजार करोड़ रुपये के ऋण जारी किए गए हैं। करीब 19 प्रतिशत ऋण नए उद्यमियों को और 65 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। लिखित उत्तर में 31 मार्च 2025 के आंकड़ों में कहा गया है कि शिशु श्रेणी में एनपीए 1.50 प्रतिशत, किशोर में 2.49 प्रतिशत और तरुण में 2.10 प्रतिशत है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प प्रशासन...** जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए। जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया। जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है। केंट को जुलाई में सीनेट में 52-44 वोट से इस पद के लिए मंजूरी मिली थी। इससे पहले वह राजनीति में भी सक्रिय रहे और वाशिंगटन राज्य से कांग्रेस चुनाव भी लड़ चुके हैं। जो केंट का लंबा सैन्य और खुफिया अनुभव रहा है। वह अमेरिकी सेना में ग्रीन बेरेट कमांडो के रूप में काम कर चुके हैं और 11 बार अलग-अलग मिशनों में तैनात रहे हैं। सेना छोड़ने के बाद उन्होंने सीआईए के साथ भी काम किया। इसके बाद वह राजनीति में आए और बाद में ट्रम्प प्रशासन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। जो केंट का इस्तीफा ऐसे समय आया है जब अमेरिका और इजरायल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर वैश्विक स्तर पर बहस जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आतंकवाद विरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस तरह इस्तीफा देना ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक दबाव बढ़ा सकता है। इससे अमेरिका की ईरान नीति पर नए सवाल खड़े हो सकते हैं।

**पाकिस्तान की...** स्कूलों और अस्पतालों के आसपास भी हुए। आम लोगों के इलाकों पर हमला करना अंतर्राष्ट्रीय कानून के हिसाब से युद्ध अपराध माना जाता है, चाहे वह जानबूझकर किया गया हो या गलती से। खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान ऐसी घटना से लोगों में और ज्यादा दुख और गुस्सा है। लोगों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और जो भी जिम्मेदार हो उसे सजा दी जाए। पाकिस्तान ने रविवार रातभर भी कंधार प्रांत में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया था। पाकिस्तान ने यह कार्रवाई आपरेशन 'गजब -लिल-हक' के तहत की। इसके जवाब में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के सैन्य कैंप पर हमला किया। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुताबिक, हमले में उन ठिकानों को निशाना बनाया गया जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) जैसे संगठन सीमा पार हमलों की तैयारी के लिए करते थे।

**पितृत्व अवकाश...** हो। अदालत ने कहा कि बच्चे की देखभाल और भावनात्मक विकास में माता-पिता दोनों की भूमिका अहम होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चे के शुरुआती महीने और साल उसके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इसी समय बच्चे और माता-पिता के बीच भावनात्मक संबंध मजबूत होते हैं। अदालत ने कहा कि अगर पिता को इस समय बच्चे के साथ रहने का मौका नहीं मिलता, तो बच्चे और पिता दोनों इस महत्वपूर्ण अनुभव से वंचित रह जाते हैं। इसलिए पितृत्व अवकाश की व्यवस्था होना जरूरी है। अदालत ने कहा कि यह सही है कि मां बच्चे के विकास में केंद्रीय भूमिका निभाती है, लेकिन पिता की भूमिका को नजरअंदाज करना भी उचित नहीं है। पिता का सहयोग मां के लिए भी जरूरी होता है, खासकर बच्चे के जन्म या गोद लेने के शुरुआती समय में। अदालत ने कहा कि पितृत्व अवकाश से पिता बच्चे की देखभाल में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं और परिवार की जिम्मेदारियां साझा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पितृत्व अवकाश की व्यवस्था से समाज में पारंपरिक सोच भी बदलेगी। इससे यह धारणा कमजोर होगी कि बच्चों की देखभाल केवल महिलाओं की जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि अगर पिता को भी अवकाश मिलेगा तो परिवार और कार्यस्थल दोनों जगह लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और माता-पिता दोनों की भूमिका संतुलित होगी। अदालत ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार करे। कोर्ट ने कहा कि इस अवकाश की अवधि ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे और माता-पिता दोनों की जरूरतों के अनुरूप हो। इससे पिता भी बच्चे के शुरुआती विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे और परिवार को बेहतर समर्थन मिलेगा।

# राज्यसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा के हर हथकंडे पर फिरा पानी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जीता

कांग्रेस ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई।

कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य तथा पार्टी सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था। भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की। यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया। हुड्डा ने हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में करमवीर बौद्ध की जीत के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित पूरे शीर्ष नेतृत्व बधाई दी और कहा कि हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने जिस तरह से लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की, उससे साफ हो गया कि भाजपा का लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। भाजपा सिर्फ सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के विधायकों और सजग कार्यकर्ताओं ने लूट नहीं होने दी और सामाजिक न्याय के लिए काम करने वाले करमवीर बौद्ध को जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा की योजना खरीद-फरोख्त से संख्या हासिल करने की थी, लेकिन जब ये योजना फेल हो गई, तो पार्टी ने अपनी बी टीम इनेलो को सक्रिया किया, जिसने चुनाव के दिन तक अपना रूख साफ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जब 30 से ज्यादा वोट पड़ गए, तो इनेलो मतदान से भाग खड़ी हुई। इस सबके बाद भाजपा ने अपना तीसरा हथकंडा अपनाने की कोशिश की, जहां उन्होंने चुनाव आयोग को अपने साथ लिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी ने पक्षपात किया और हमारे चार वोट कैंसिल कर दिए, जबकि ये सभी वोट वैलिड थे।

### पाबंदियों के बीच कश्मीर में मना शब-ए-कद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शब-ए-कद्र बेहद अकीदत और जज्बे के साथ मनाई गई। इस दौरान हजारों की तादाद में जायरीन रात भर इबादत करने के लिए मस्जिदों और दरगाहों में उमड़ पड़े। इसे लैलतुल कद्र के नाम से भी जाना जाता है। ऐतिहासिक जामिया मस्जिद को छोड़कर पूरी घाटी के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर प्रार्थनाएं आयोजित की गईं। अधिकारियों ने यहां लगातार सातवें वर्ष रात भर की सामूहिक इबादत पर रोक लगा दी थी। इसके साथ ही प्रशासन ने कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक को उनके घर पर नजरबंद कर दिया था। अकीदतमंद सुबह तड़के तक दुआओं, कुरान पाक के पाठ और विशेष तरावीह की नमाज में मशगूल रहे। सबसे बड़ा मजमा खूबसूरत डल झील के किनारे स्थित मुकद्दस हजरतबल दरगाह में लगा था, जहां इस पाक मौके पर आशीर्वाद लेने के लिए भारी तादाद में अकीदतमंद जमा हुए।

# जिलाधिकारी के निर्देशन पर सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

■ समस्त विभागों को निर्देश दिये गये कि अपने-अपने मार्गो के मध्य बने क्षतिग्रस्त डिवाईडर/ रेलिंग की मरम्मत करायी जाये जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये सकें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद विकास कश्यप की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। जिसमें जनपद में अत्याधित दुर्घटना घटित वाले चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

राहवीर योजना के अन्तर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि रू0 25000.00 दिये जाने की योजना का प्रचार प्रसार अत्यधिक किया जाये जिससे कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायक की जा सकें। समस्त विभागों को निर्देश दिये गये कि अपने-अपने मार्गो के मध्य बने क्षतिग्रस्त डिवाईडर/ रेलिंग की मरम्मत करायी जाये जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये सकें।

बैठक में मनोज मिश्रा, एआरटीओ, अजय कुमार, एसीपी (यातायात), आलोक रंजन, मुख्य अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आदित्य रंजन, अधिशासी अभियन्ता, एनसीआरटीसी, राम. राजा, अधिशासी अभियन्ता, लो. निवि, एसपी मिश्रा, मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, राघवेन्द्र पाण्डे, साईट इंजीनियर, एनएचएआई, डॉ0 पंकज, डिप्टी सीएमओ, विश्वास गौतम, बेसिक शिक्षा विभाग, राजेश कुमार, एआरएम, यूपी रोजवेज, गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष एवं अमित शर्मा, महामंत्री, ट्रक यूनियन उपस्थित रहे।

# हैरिटेज हिल्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल ने मनाया अपना वार्षिक उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हैरिटेज हिल्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल की शास्त्री नगर शाखा ने अपना वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ पी यादव व अंतर्राष्ट्रीय डिस्कस थ्रो खिलाड़ी रिचा सूद द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक संजीव पारूथी व नेहा विर्मानी, प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा, इंचार्ज पिंकी शर्मा, शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और सभी ने तालियों की गूंज से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों और विद्यालय की प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा सभी को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथियो ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# जेकेजी स्कूल के छात्र पहुंचे सुपर युवा टॉकीज अभियान में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जेकेजी विजयनगर के छात्रों को सुपर युवा टॉकीज अभियान में भाग लेने के लिए श्सलाम नमस्ते समुदाय रेडियो एफएम 90.04 आईएमएस नोएडा में जाने का समृद्ध अवसर मिला। जिसमें युवा प्रतिभाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यालय के छात्रों आशीष चौहान, रीतिका पांडे, अंशुमान तिवारी, भरत भारद्वाज और आदित्य राज ने अध्यापिका स्वाति दहिया के मार्गदर्शन में सभी को स्वामी विवेकानंद की शक्ति, आत्मनिर्भरता और मानवता की सेवा के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सलाम नमस्ते 90.4 एफ. एम. में भागीदारी स्कूली छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मूल्यवान अवसर प्रदान करती है, विद्यार्थी संचार कौशल में सुधार और बोलने के माध्यम से अपनी रचनात्मकता व्यक्त करते हैं और इसे प्रस्तुत करने से उन्हें टीमवर्क, नेतृत्व और रेडियो के बुनियादी तकनीकी ज्ञान विक. सित करने में भी मदद मिलती है।

विद्यार्थियों की इस प्रतिभा को देखकर प्रधानाचार्या अंजू गौड़ व निदेशक डॉ. करुण गौड़ ने निरंतर इस प्रकार की गति. विधियों में आगे बढ़कर प्रतिभाग करने व नेतृत्व करने का शुभाशीष दिया।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों का

# ग्रेटर नोएडा के सरकारी उन्नत अनुसंधान प्रयोगशाला में शैक्षणिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ साइंसेज एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद ने बी. एससी. (ऑनर्स) बायोटेक्नोलॉजी, बी.एससी. (ऑनर्स) फॉरेंसिक साइंसेज तथा बी.एससी. (ऑनर्स) पीसीएम के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा (एक प्रतिष्ठित सरकारी विश्वविद्यालय) की सरकारी उन्नत अनुसंधान प्रयोगशाला का सफलतापूर्वक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया। यह भ्रमण स्कूल ऑफ साइंसेज की निदेशक, डॉ. ज्योति चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण शैक्षणिक अनुभव, व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने तथा उन्नत प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान सुविधाओं का अवलो. कन करने का अवसर मिला, जिससे उनकी कक्षा के बाहर की सीख और अधिक समृद्ध हुई। इस कार्यक्रम की सफलता हमारे नेतृत्व के निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन से संभव हो सकी चेयरमैन एवं चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) परसंजित कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन।

## राष्ट्रीय लोकदल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा

# डॉक्टर आकांक्षा गुप्ता बनी महानगर उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल महानगर द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में डा. आकांक्षा गुप्ता डायरेक्टर वामा इंस्टिट्यूट, वरिष्ठ समा. जसेवी ने अपने बहुत से साथियों सहित राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। महानगर अध्यक्ष डॉ . रेखा चौधरी ने व अन्य नेताओं ने पटका पहनाकर डॉ .आकांक्षा गुप्ता को पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलायी।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत जी के द्वारा जो पूरे उत्तर प्रदेश में अर्बन कमेटी बनाई गई है, जिसका मिशन है शहर में संगठन में काम करने वाले सम्मानित लोगों को सम्मान देकर पार्टी से जोड़ा जाए। उसी मिशन में आज यह नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रदेश सचिव रविन्द्र चौहान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक अर्बन कमेटी के प्रदेश संयोजक प्रभारी मेरठ मंडल सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने की। युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक और उनकी टीम ने नए सदस्यों का परिवार में जुड़ने पर स्वागत किया। उपस्थित लोगों में कार्यक्रम में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान राष्ट्रीय महासचिव खेल परकोष्ठ विजय कौशिक मंडल अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ राम कुमार पँवार प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी वरिष्ठ नेता राहुल चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किशन राघव प्रदेश सचिव भूपेन्द्र डबास क्षेत्रीय सचिव राजेन्द्र चन्देला वरिष्ठ नेता प्रदीप त्यागी युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह महानगर अध्यक्ष खेल संजीव अरोड़ा किसान प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव अमित त्यागी प्रदेश सचिव महिला दीपमाला महानगर उपाध्यक्ष अमित चौधरी मनोज कुमार दीपा सिरोही महानगर उपाध्यक्ष नीता कसाना संजय बैंसला अनीता राजपूत शेर सिंह मौर्य राजू गौतम युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक विवेक शर्मा वाजिद तोमर दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। अर्बन कमेटी के उत्तर प्रदेश के संयोजक इन्द्रजीत सिंह टीटू जी ने नगर और महानगरों में पार्टी के विस्तार पर चर्चा की। रविन्द्र चौहान किशन राघव शेरसिंह मौर्य तुषार कौशिक, जयदीप सिंह आदि ने भी अपने सुझाव रखे। काफी संख्या में नए लोगों ने पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करने और जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।




**गाजियाबाद। मंगलवार को लोनी विधान सभा 53 में गांव गढ़ी कटैया शीशपाल प्रधान के निवास स्थान पर 29 मार्च को दादरी में समाजवादी पार्टी की होने वाली रैली को लेकर एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजकुमार भाटी सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सभा को संबोधित किया इस अवसर पर लोनी विधान सभा क्षेत्र के गण मान्य लोग मौजूद रहे।**

# नाले में मिला बुजुर्ग का शव



**स्योहारा।** पास नाले में बुजुर्ग की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश को नाले से बाहर निकलवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक की पहचान ग्राम मंदोरी निवासी रामकुमार (65 वर्ष) पुत्र सत्तू सिंह के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नागरिकों के अनुसार रामलीला ग्राउंड के पास नाले में लाश मिली है, वहां सरकारी शराब का ठेका स्थित है। साथ ही आसपास कई ठेले वाले भी बड़ी संख्या में लोगों को खुलेआम शराब पिलाते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस स्थान पर शाम होते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है और देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है। कई बार नशे में धुत लोगों के कारण यहां अव्यवस्था की स्थिति भी बन जाती है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रामकुमार की मौत किन परिस्थितियों में हुई कुछ लोग आशंका जता रहे हैं कि वह नाले में कैसे गिरे यह जांच का विषय है।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने प्रदीप चौधरी का किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रदेश संगठन एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी नामित पार्षदों की सूची में भाजपा महानगर गाजियाबाद के मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी का नाम शामिल किए जाने पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी गई।

इस अवसर पर व्यापार मंडल संगठन के पदाधिकारियों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा संगठन का आभार भी प्रकट किया। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदीप चौधरी का पटका व माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, आशु पंडित, संजय शर्मा , रितेश शर्मा, विशाल जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं बधाई दी। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा, "प्रदीप चौधरी का नाम नामित पार्षद के रूप में शामिल होना संगठन की कार्यशैली और समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हमें विश्वास है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करते हुए जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेंगे। राष्ट्रीय व्यापार मंडल सरकार और संगठन के इस निर्णय का स्वागतअभिनंदन करते हुए आभार प्रकट करती है।

# देवेंद्र चौधरी बने भाजपा जिला महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र चौधरी को गाजियाबाद भाजपा का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है,उनके मनोनयन पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी व भाजपा नेतृत्व का आभार जताया।

देवेंद्र चौधरी एक किसान परिवार से आते हैं व पिछले काफी समय से भाजपा से जुड़े हुए हैं व उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए पिछले कई कार्यकालों से वर्तमान तक लगातार भाजपा जिला उपाध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं अब



आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है।

# रालोद की सदस्यता ग्रहण करेंगे के.सी त्यागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद के.सी त्यागी जल्द ही रालोद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रक्न का गठन 30 अक्टूबर 2003 को समता पार्टी और जनता दल के विलय से हुआ था।

जॉर्ज फर्नांडिस पार्टी के अध्यक्ष थे और में महासचिव के तौर पर उनके साथ मिलकर काम करता था। मैने शरद यादव और नीतीश कुमार के साथ भी काम किया जब वे अध्यक्ष थे और मैं पार्टी का मुख्य महासि. चव, मुख्य प्रवक्ता और राजनी. तिक सलाहकार था। अब पार्टी का सदस्यता अभियान समाप्त हो गया है। इस बार मैंने पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया है। हालांकि, समाज के वंचित वर्गों, किसानों और कृषि से जुड़े लोगों के हितों से जुड़े व्यापक और विस्तृत वैचारिक मुद्दों के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पहले की तरह ही दृढ़ बनी हुई है। नीतीश कुमार के प्रति मेरा व्यक्तिगत सम्मान, जो लगभग आधी सदी तक मेरे साथी रहे, वह भी अपरिवर्तित है। मेरे कुछ मित्र, शुभचिंतक और कार्यकर्ता 22 मार्च 2026 को देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए मालवणकर हॉल, रफी मार्ग पर समान विचारधारा वाले लोगों की एक बैठक आयोजित कर रहे हैं। मेरी आगे की रणनीति जल्द ही मेरे सभी करीबी लोगों से परामर्श करके तय की जाएगी।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर दूसरे कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडोंटिक्स विभाग द्वारा एस्थेटिक डेंटिस्ट्री पर दूसरे कॉम्प्रेहेन्सिव कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस एवं बीडीएस के विद्यार्थी शामिल थे।

यह कोर्स एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया और शोफू इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम आईटीएस-द एजुक. शन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करना है। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ मोहन कुमार आर एस, प्रोफेसर, प्रियदर्शिनी डेंटल कॉलेज, चेन्नई, सचिव एस्थेटिक डेंटिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया, आईएसीडीई के मानद महासचिव थे, जिनके पास एस्थेटिक्स डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान है और वह नियमित रूप से इस तरह के पाठ्यक्रम संचालित कर रहें है।

दूसरे दिन डेन्टल फोटोग्राफी पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें कैमरा, लेंस, फ्लैश एवं मैक्रो फोटोग्राफी के दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही बॉन्डिंग तकनीकों, व्यावहारिक क्लीनिकल टिप्स, पेशेंट डेमोंस्ट्रेशन और क्लीनिकल केस प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का समापन वेलेडिक्ट्री समारोह के साथ हुआ। यह कोर्स प्रतिभागियों को एस्थेटिक डेंटिस्ट्री के सिद्धांतों एवं प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।

वक्ता ने बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों के लिये इस तरह के ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिये संस्थान को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ एस्थेटिक डेंटिस्ट्री उपचार के बारे में ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# क्रेन ने स्कूटी सवार युवक-युवती को कुचला, युवती की हुई मौत

■ दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने क्रेन ड्राइवर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के शाहदरा थाना क्षेत्र मे एक क्रेन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, स्कूटी सवार युवक और युवती स्कूटी से उछलकर सड़क पर जा गिरे, जिसके बाद क्रेन ने दोनों को कुचल दिया, जिससे युवती की मौत हो गयी जबकि युवक का इलाज जीटीबी अस्पताल मे चल रहा है।

दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने क्रेन ड्राइवर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर



दिया। एसडीएम द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक युवती की पहचान निशा (28) के रूप मे हुई है वह अशोक नगर मे ब्यूटी पार्लर चलाती थी और नन्द नगरी के बी-5, मे अपने मां-बाप के साथ रहती थी, युवती शादीशुदा थी लेकिन पति से अनबन होने की वजह से पिछले 5 वर्षो से अपने मायके मे ही रह रही थी। सोमवार की रात करीब वह एक अन्य युवक शाबिर के साथ मार्किट कुछ सामान खरीदने गयी थी जब वह रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय श्यामलाल कॉलेज वाले फ्लाईओवर पर पहुंची तभी पीछे से एक क्रेन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मारकर उन्हें कुचल दिया, निशा और शाबिर को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने निशा को मृत घोषित कर दिया जबकि शाबिर का इलाज चल रहा है।

गौरतलब है कि दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद लोगो ने आरा. पी क्रेन ड्राइवर को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया स अभी मृतका की शादी को पांच साल नहीं हुए थे इसलिए मामले की जांच एसडीएम द्वारा की जा रही है।

## स्पेशल स्टाफ ने किया दो हथियार सप्लायर को गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने दो हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से तीन सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 25 जिंदा कारतूस बरामद किए है।

दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम उत्तर-पूर्वी जिले में अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल लोगों के बारे में लगातार खुफिया जानकारी इकट्ठा कर रही थी। इसी बीच 12 मार्च को, एक खास सूचना पर कार्रवाई करते हुए, इंस्पेक्टर धीरज कुमार की देखरेख में एसआई पवन, ए एसआई दीपक, हेड कांस्टेबल सुशील और विजय, और कांस्टेबल. परमजीत सिंह की टीम ने वेलकम के पास झील पार्क से एक व्यक्ति, मो. सुहैल (20) को गिरफ्तार कर लिया।उसकी शुरुआती तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और बीस जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद,वेलकम थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी मो. सुहैल ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर, एक और आरोपी आसान / अहसान (28 ) को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस पूछताछ करने पर, उसकी निशानदेही पर एक और सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए। विस्तृत सत्यापन करने पर, आरोपी आसान / अहसान पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत एक मामले में शामिल पाया गया। आगे की जांच जारी है।

# कुलजीत सिंह चहल ने विकसित भारत विजन के तहत विकास कार्यों का किया शिलान्यास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने चाणक्यपुरी स्थित विनय मार्ग क्षेत्र में 24 घंटे निरंतर स्वच्छ जल आपूर्ति परियोजना के प्रथम चरण के साथ-साथ भैरों मंदिर, नेहरू पार्क में सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर चहल ने कहा कि मौजूदा जल आपूर्ति प्रणाली के आधुनिक. ीकरण के लिए एनडीएमसी द्वारा विनय मार्ग जल बूस्टिंग स्टेशन के अंतर्गत 24 घंटे जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पायलट परियोजना को लागू किया जा रहा है।

इस परियोजना के लिए एक परामर्शदाता नियुक्त किया गया था, जिसकी सिफारिशों के आधार पर योजना तैयार की गई है। चहल ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत विनय मार्ग बूस्टिंग स्टेशन पर आधुनिक वीएफडी आधारित मोटर पंप सेट लगाए जाएंगे तथा जल आपूर्ति को बेहतर और निर्बाध बनाए रखने के लिए आवश्यक उपकरण स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उपकरण, ऑटोमेशन प्रणाली, डेटा विश्लेषण व्यवस्था तथा प्रणाली का समावेश किया जाएगा, जिससे जल आपूर्ति की निगरानी अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बन सके।इसके अतिरिक्त, मौजूदा जल पाइपलाइन नेटवर्क में आवश्यक विद्युत एवं यांत्रिक सुधार कार्य भी किए जाएंगे, जिससे संपूर्ण प्रणाली अधिक सक्षम और विश्वसनीय बन सके।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए 1.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है तथा इसे लगभग 5 माह की अवधि में पूर्ण किया जाएगा। विनय मार्ग क्षेत्र के लगभग 550 जल कनेक्शन इस परियोजना से लाभान्वित होंगे।चहल ने आगे बताया कि एनडीएमसी द्वारा पूरे क्षेत्र में 24◦7 जल आपूर्ति व्यवस्था लागू करने के लिए अध्ययन एवं डिजाइन तैयार करने हेतु परामर्शदाता की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। चहल ने बताया कि एनडीएमसी द्वारा भैरों मंदिर, नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे।

इन कार्यों के अंतर्गत प्रवेश द्वार का सौंदर्यीकरण, रेलिंग का निर्माण, ट्री गार्ड का सौंदर्यीकरण, त्डब फुटपाथ का निर्माण तथा कुएं की लाल पत्थर से क्लैडिंग का कार्य किया जाएगा।इस परियोजना की कुल लागत लगभग 11 लाख रुपये है तथा इसे लगभग 5 माह की अवधि में पूर्ण किया जाएगा।इस अवसर पर सिविल, हॉर्टिकल्चर एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने आफ्टर केयर होम का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'नारी उत्सव' कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्तव्य, निस्वार्थ समर्पण और सेवा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त करने वाली सम्पूर्ण नारी शक्ति को वह नमन करती हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और देश को 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर अग्रसर कर रही हैं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निर्मल छाया परिसर का दौरा कर विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की अनेक पहलों का शुभारंभ एवं अवलो. कन किया और महिलाओं तथा बच्चों के समग्र सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नारी शक्ति आज ग्रामीण उद्योगों से लेकर कॉर्पोरेट जगत, राजनीति से लेकर सेना तक हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है। इसी दृष्टि के अनुरूप दिल्ली सरकार भी महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण के तीन प्रमुख स्तंभों सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरतापर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर बेटी और बहन को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में उसके सम्मान को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए, और हर महिला को अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलना चाहिए।उन्होंने बताया कि आगामी 24 मार्च को पेश होने वाले दिल्ली सरकार के बजट में महिलाओं और बेटियों के लिए महत्वपूर्ण पहलें शामिल होंगी। उन्होंने विशेष रूप से सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी) को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि दिल्ली में महिलाओं को छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे।




मुख्यमंत्री निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'नारी उत्सव' कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

## एक नजर

### धूमधाम से किया नया शैक्षणिक सत्र शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** द्वारका के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एफआईआईटीजीई द्वारका ने होटल रैडिसन ब्लू द्वारका में अपने नए शैक्षणिक सत्र का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और संस्थान के समस्त स्टाफ ने शिरकत की। कार्यक्रम की भव्यता और प्रेरणादायक सत्रों ने सभी को प्रभावित किया, जो आने वाले शैक्षणिक वर्ष के लिए उत्साह का संचार कर गया। कार्यक्रम का संचालन एफआईआईटीजीई द्वारका के अध्यक्ष एवं प्रोमोटर उदय प्रताप सिंह ने किया। सिंह ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा, ष्हम द्वारका और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी सेवा देंगे, जो कोई अन्य संस्थान नहीं दे सकता।ष उन्होंने संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया कि हर छात्र को व्यक्तिगत ध्यान और सर्वोत्तम संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### निफ्टी के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ने आज निफ्टी 50 इंडेक्स के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। यह भारत का प्रमुख इक्विटी बेंचमार्क है और दुनिया भर में सबसे अधिक ट्रैक किए जाने वाले सूचकांकों में से एक है।यह विशेष कार्यक्रम मुंबई स्थित एनएसई के एक्सचेंज प्लाजा में आयोजित किया गया, जिसमें बाजार के प्रमुख नेताओं, निफ्टी 50 कंपनियों के प्रतिनिधियों, नियामकों और भारत के पूंजी बाजार से जुड़े कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तुहिन कांता पांडे, अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड उपस्थित रहे, जबकि एस. गुरुमूर्ति, लेखक, रणनीतिक चिंतक और भारतीय रिजर्व बैंक के स्वतंत्र निदेशक, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ श्रीनिवास इनजेती, चेयरमैन, एनएसई और श्री आशीषकुमार चौहान, एमडी एवं सीईओ, एनएसई भी मौजूद थे। सेबी के चेयरमैन श्री तुहिन कांता पांडे ने कहा,जब हम निफ्टी 50 के तीन दशकों का जश्न मना रहे हैं, तो हम केवल एक सूचकांक का इतिहास नहीं मना रहे हैं। हम भारत के पूंजी बाजार और उन्हें समर्थन देने वाली संस्थाओं की व्यापक यात्रा को भी मान्यता दे रहे हैं।

### गोल्ड ईटीएफ व गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड लांच

**नई दिल्ली।** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने भारत में अपने पहले एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के रूप में एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ और एचएसबीसी गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। इन दोनों योजनाओं के माध्यम से निवेशकों को सोने में निवेश का आसान और सुरक्षित विकल्प उपलब्ध होगा। लॉन्च के मौके पर एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी ने कहा कि भारतीय परिवारों में सोने का विशेष महत्व रहा है और अब इसे पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण एसेट एलोकेशन के रूप में भी देखा जा रहा है। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीआईओख्इक्विटी वेणुगोपाल मंघत ने कहा कि सोना अन्य एसेट क्लास की तुलना में अलग व्यवहार करता है, जिससे निवेशकों को पोर्टफोलियो में विविधता और बाजार की अस्थिरता के समय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।

### लर्निंग डायग्नोस्टिक्स प्लेटफॉर्म के लांच की घोषणा




**नई दिल्ली।** यह प्लेटफॉर्म छात्रों के सीखने के तरीके का विश्लेषण करने, उनकी शैक्षणिक क्षमताओं और कमियों की पहचान करने तथा व्यक्तिगत विकास के लिए अनुकूल मार्ग तैयार करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। स्टूडेंट एजुकेशन डायग्नोस्टिक्स के संस्थापक श्रीनेश वी ने कहा, "कई बार कक्षा में कम प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गलत समझ लिया जाता है। पारंपरिक मूल्यांकन केवल परिणामों को मापते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि छात्र सीखता कैसे है।" म्क के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक ऐसा न्यूरोसाइंस-आधारित डायग्नोस्टिक दृष्टिकोण लाना है, जो स्कूलों और परिवारों को छात्रों के सीखने के पैटर्न को समझने, शुरुआती स्तर पर गैप्स पहचानने और उन्हें सही दिशा देने में मदद करे।

# इफ्तार कर दिया आपसी एकता व भाईचारें का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रमजान मुबारक का पवित्र महीना चल रहा है ऐसे में मल्का गंज क्षेत्र में दिल्ली की रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद खान और महासचिव हाजी मौहम्मद अनवार के द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार के कार्यक्रम में सभी धर्मो के लोगों ने शिरकत की तथा रोजेदारों के साथ इफ्तार करके आपसी एकता व भाईचारें का सन्देश दिया

इस अवसर पर तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सूर्य प्रकाश खत्री उलोमा फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना कौकब मुजतबा ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन यूनाइटेड सिख फोरम दिल्ली के डारेक्टर सरदार प्रीतम सिंह दिल्ली नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष हाजी मौहम्मद



ऐहसान कुरैशी रमजान-उल-मुबा. रक इन्तेजामिया कमेटी के उपाध्यक्ष मौहम्मद दानिश मतीन व मौहम्मद अजहरुद्दीन कोषाध्यक्ष जहीर आलम भाजपा मल्का गंज मण्डल के पूर्व अध्यक्ष उमेश माथुर मल्का गंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नेत्रपाल आर्य मल्का गंज मदीना मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन सहित मौहम्मद कामिल, मनोज कुमार, मौहम्मद फरमान, शहजाद अहमद, शफीकुद्दीन, करनाल सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए

इस अवसर पर उलोमा फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना कौकब मुजतबा ने कहा कि इस समय सारी दुनिया अमेरिका और इस्राइल के आतंकवाद से परेशान है यह किसी भी देश के राष्ट्रपति को उठाकर बन्द कर देता है अब इस्राइल और अमेरिका ने ईरान पर हमला किया और छोटी छोटी बालिकाओं को आतंकवाद का निशाना बनाकर 180 बालिकाओं को शाहिद कर दिया हजरत खामनाई साहब को भी शहीद कर दिया गया अब समय आ गया है कि पूरी दुनिया इनके जुल्म के खिलाफ अपनी आवाज बुलन्द करें नही तो यह इंसानियत का खात्मा कर देंगे और इंसानियत को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है

ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने कहा कि भारत के लोग हमेशा ही जुल्म के खिलाफ खड़े रहें है आज जिस तरह ईरान पर हमला करके बेकसूर लोगों को मारा जा रहा है हम उसकी कड़ी शब्दों में निंदा करते है और मैं सभी मुसलमानों से अपील करता हूँ कि वह ईरान के हालात को देखते हुए इस बार ईद बहुत ही सादगी के साथ मनाएं।

# सरकारी अधिकारी बनकर रॉबरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य जिला पुलिस के कमला मार्किट थाने के स्टाफ ने सरकारी अधिकारी बनकर रॉबरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉब 12,500/- रुपये , एक डेबिट कार्ड और अपराध में इस्तेमाल किया गया ऑटो बरामद किया है।

दिल्ली के मध्य जिला पुलिस उपायुक्त राजबीर ने बताया कि 12मार्च को कमला मार्केट थाने में एक पीसीआर कॉल मिली थी जिसमें कॉलर ने बताया कि उसने मिंटो रोड के पास टैगोर रोड कट से एक ऑटो किराए पर लिया था। इस दौरान ऑटो में दो अनजान लोग भी सवार हो गए और उसे धमकाकर उसकी नकद राशि और एटीएम कार्ड लूट लिया। पुलिसकर्मियों की एक टीम तुरंत मौके पर पहुँची। हालाँकि, शिकायतकर्ता तब तक फरीदाबाद स्थित अपने घर के लिए निकल चुका था।13.मार्च को शिकायतकर्ता थाने पहुँचा और बताया कि 12.मार्च को वह बिहार के दरभंगा से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन आया था और टैगोर रोड कट पर बस का इंतजार कर रहा था।इसी बीच एक ऑटो ड्राइवर उसके पास आया, और बदरपुर जाने के लिए एक और यात्री भी ऑटो में सवार हो गया। कुछ दूर चलने के बाद, एक और व्यक्ति (ऑटो) में चढ़ गया। उसने खुद को सरकारी अधिकारी बताया और सुरक्षा जाँच के बहाने शिकायतकर्ता की तलाशी लेना शुरू कर दिया।इस प्रक्रिया के दौरान, आरोपी ने शिकायतकर्ता से 13,000/- रुपये नकद और उसका एसबीआई एटीएम कार्ड ले लिया।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना में हुए राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद दिल्ली पधारने पर हवाई अड्डे परिसर में दिल्ली भाजपा नेताओं द्वारा ओपचारिक एवं परिसर के बाहर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चांदो. लिया एवं बाँसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार में मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद एवं रविन्द्र इंद्राज सिंह, दिल्ली नगर निगम में सदन के नेता प्रवेश वाही और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद दिल्ली आगमन पर स्वागत किया गया।

# राष्ट्र केवल सरकार से नहीं बल्कि युवाओं के संकल्प से बनता है: शिक्षा मंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम' में भाग लेते हुए युवाओं को देश के भविष्य के निर्माता बताते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूद ने कहा कि यह कोई सामान्य औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि देश के भविष्य को आकार देने वाली ऊर्जा का केंद्र है।

जहां से एक नई क्रांति का सूत्रपात होगा। उन्होंने उपस्थित छात्रों का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल इस इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत के वास्तुकार और शिल्पकार हैं, जो वर्ष @2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्णित 'अमृत काल' भारत के लिए वह समय है जब स्वतंत्रता के सपनों को विकास की वास्तविकता में बदलना है और यह कार्य आज की युवा पीढ़ी करेगी।

युवाओं को विकसित भारत का दूत कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। सूद ने 'वंदे मातरम्' के 150 वर्षों की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र जागरण का मंत्र है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन में नई चेतना का संचार किया।

# महाराजा अग्रसेन कलयुग में 'पुरुषार्थ' के रूप में पूजनीय: महामंडलेश्वर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** श्री अग्रसेन धाम, प्रशांत विहार द्वारा आयोजित श्महारा. जा अग्रसेन महिमा महोत्सवश में महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों और उनके गौरवशाली इतिहास का गुणगान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता, अग्र भागवत कथा वाचक महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने खाटू श्याम जी को शशक्तिश के रूप में पूजे जाने का वरदान दिया, उसी प्रकार महाराजा अग्रसेन जी को कलयुग में श्पुरुषार्थश के प्रतीक के रूप में पूजे जाने का वरदान प्राप्त है। महामंडलेश्वर जी ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी का 108 वर्ष का जीवन काल दिव्य घटनाओं से परिपूर्ण रहा। समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समा.



जसेवी सुरेश गर्ग ने की। सुरेश गर्ग ने कहा कि श्री अग्रसेन धाम कुंडली का निर्माण पूरी गति से चलेगा और हम सभी एकजुटता से इसमें सहयोग करेंगें। धाम के पदाधिकारी राजेश गोयल और अनिल गोयल ने जानकारी दी कि इस महोत्सव के दौरान महारा. जा अग्रसेन जी के सिद्धांतों से प्रेरित होकर 20 से अधिक दानदाताओं ने श्री अग्रसेन धाम का मुख्य ट्रस्टी बनना स्वीकार किया और मंदिर निर्माण में सहयोग का संकल्प लिया। जबकि बाला जी भक्त रमन बंसल ने श्री अग्रसेन धाम कुंडली में सहयोग करने वाले व्यक्ति को श्री बालाजी महाराज के आशीर्वाद का आश्वासन दिया। इस मौके पर जगदीश राय गोयल, अतुल सिंघल, राजकुमार गोयल, अशोक गुप्ता एडवोकेट ,संजय बंसल इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# इफ्तार में कई धर्मों के लोगों ने दिया आपसी एकता का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत अपनी गंगा-जमुनी तहजीब और विविधता में एकता की परंपरा के लिए दुनिया भर में जाना जाता है, जहाँ अलग-अलग धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों और परंपराओं में शामिल होकर सामा. जिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं। रमजान के पवित्र महीने में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम भी इसी परंपरा को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। इसी कड़ी में फेस ग्रुप की ओर से ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद, दिल्ली-6 में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। यह इफ्तार कार्यक्रम फेस ग्रुप



के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुर्गा-मछली मंडी दिल्ली सरकार के पूर्व चेयरमैन भाई मेहरबान कुरैशी, दिल्ली अल्प संख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान, दरगाह हजरत निजाम. ुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू, दिल्ली स्टेट हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन डॉ. परवेज मियां, निगम पार्षद दरियागंज सरिका चौधरी, निगम पार्षद राफिया माहिर, ऑल इंडिया इमाम फेडरेशन के चेयरमैन मौलाना आरिफ कासमी, कांग्रेस प्रवक्ता मेहरुद्दीन रंगरेज, चांदनी चौक ट्रेडर्स विंग आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष फैसल मेहरबान, कांग्रेस नेता साबिर नवाब, सोनम बेकर्स के सीएमडी हाजी रियाजुद्दीन अंसारी, कांग्रेस नेता हरीश गोला एडवोकेट, डॉ. शहजाबीन कघजी एडवोकेट तथा शिरोमणि अकाली दल दिल्ली विंग के उपाध्यक्ष अमनजीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इफ्तार कार्यक्रम के दौरान एक सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला, जहाँ विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद देते हुए दिखाई दिए। उपस्थित लोगों ने देश में शांति, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बनाए रखने की आवश्यकता पर भी विचार साझा किए।

# सीआर पाटिल का जन्मदिन मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को सूरत के घोड़दौड़ रोड स्थित इंडोर स्टेडियम में हीराबानो खमकार फाउंडेशन द्वारा विशाल समाजसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 5100 बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन स्वरूप 7,500 रुपये के चेक वितरित किए गए, जबकि लगभग 1,25,000 विद्यार्थियों को नोटबुक प्रदान की गई। कार्यक्रम में करीब 15 हजार लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सी.आर. पाटिल, राज्य गृह मंत्री हर्ष संघवी, विधायक संगीता बेन पाटिल, विधायक प्रवीण घोघारी, कुमार कानाणी, सांसद मुकेश दलाल, शहर अध्यक्ष परेश पटेल, मेयर दक्षेश मावाणी, पूर्व मेयर हेमाली बोघावाला तथा डिप्टी मेयर नरेंद्र पाटिल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फाउंडेशन के पियूषभाई देसाई (नाणोटा) ने बताया कि बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। दशहरा के दिन 251 बेटियों से शुरू हुई यह पहल अब 5100 बेटियों तक पहुंच चुकी है और अब तक लगभग 4800 बेटियों को चरणबद्ध तरीके से सहायता दी जा चुकी है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# ईआरएएस पर राष्ट्रीय मंथन, सिम्स बना चिकित्सा जगत का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हापुड़ के सामान्य शल्य चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम 'सिमसर्ज-2026' का भव्य और सफल आयोजन हुआ। (ईआरएएस) फास्टर रिकवरी, फास्टर डिस्चार्ज विषय पर आधारित इस राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से आए प्रसिद्ध सर्जनों, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट, संकाय सदस्यों और रेज़िडेंट डॉक्टरों ने भाग लेकर आधुनिक शल्य चिकित्सा की नवीनतम तकनीकों और प्रोटोकॉल पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें प्राचार्य एवं डीन डा. बरखा गुप्ता, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मेजर जनरल सी. एस. अहलूवा. लिया, सामान्य शल्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. अमित अग्रवाल तथा प्रो. राजीब कुमार मजूमदार सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। इसके बाद जीएस मेडिकल कॉलेज, हापुड़ की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा. मधुबाला गौर ने सर्जरी के प्री-ऑपरेटिव, इंट्रा-ऑपरेटिव और पोस्ट-ऑपरेटिव चरणों में अपनाए जाने वाले साक्ष्य-आधारित उपायों पर प्रकाश डाला। यशोदा मेडिसिटी, गाजियाबाद के प्रसिद्ध रोबोटिक एवं बैरियाट्रिक सर्जन डा. इस्माइल खान ने मिनिमली इनवेसिव सर्जरी के साथ ईआरएएस प्रोटोकॉल के संयोजन से होने वाले लाभों को बताया। वहीं इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डा. जैसोम चोपड़ा ने डायबिटिक फुट, वैरिकोज़ वेन्स और डीप वेन थ्रॉम्बोसिस के ईआरएएस आधारित प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिक शोध पत्र और पोस्टर प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। दोपहर बाद सिम्स की प्राचार्य एवं डीन डा. बरखा गुप्ता ने शल्य चिकित्सा के नैतिक एवं मेडिको-लीगल पहलुओं पर व्याख्यान देते हुए रोगी सुरक्षा और चिकित्सकों की कानूनी जिम्मेदारियों पर जागरूकता की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर संस्थान के जनरल मैनेजर एन. वरधराजन और निदेशक रघुवर दत्त ने आयोजन टीम को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। आयोजन समिति में डा. शाश्वती दीक्षित की प्रमुख भूमिका रही, जबकि संचालन डा. साक्षी सलूजा और डा. खाव्या ए. आर. ने किया। कार्यक्रम का समापन प्रो. अमित अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अंत में प्रतिभागियों के लिए हाई-टी एवं नेटवर्किंग सत्र आयोजित किया गया, जहां चिकित्सकों ने आपसी अनुभव साझा किए। सिमसर्ज-2026 आधु. निक शल्य चिकित्सा में ज्ञान, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।



# ईद, नवरात्र-रामनवमी पर हापुड़ में हाई अलर्ट, नमाज स्थलों और मंदिरों पर होगी ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चैत्र नवरात्र और रामनवमी पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए हापुड़ जनपद में सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व स्तर पर कड़ी कर दी गई है। जिले में प्रस्तावित 34 शोभायात्राओं और सात मेलों को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। संवेदनशील स्थलों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और प्रमुख मंदिरों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में शोभायात्रा मार्गों पर लगातार गश्त, पिकेट ड्यूटी और मोबाइल टीमों को सक्रिय रखा गया है। प्रमुख धार्मिक स्थलों, पंडालों और मेला क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, मार्ग डायवर्जन और सुरक्षा घेराबंदी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। एंटी रोमियो स्क्वॉड को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो मेलों और भीड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखेगा। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिक. ों, धर्मगुरुओं और आयोजन समितियों के साथ बैठकें कर आपसी सौहार्द बनाए रखने और शांति से पर्व मनाने की अपील की है। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी की जा रही है, ताकि अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। हमारी प्राथमिकता है कि सभी श्रद्धालु निर्भय होकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लें और पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# मनरेगा भुगतान को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर कांग्रेस का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान और संविदा कर्मियों के मानदेय को लेकर मंगलवार को जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने विकास भवन पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रोड स्थित विकास भवन पर एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। बाद में मुख्य विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को लंबे समय से उनकी मेहनताना नहीं मिला है, जिससे गरीब परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग एक करोड़ मनरेगा मजदूरों का भुगतान पिछले 75 दिनों से लंबित है और करीब दो हजार करोड़ रुपये की मजदूरी बकाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि योजना को लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मियों को भी पिछले आठ माह से मानदेय नहीं दिया गया है। अरविंद शर्मा ने कहा कि होली से पहले ही पार्टी नेतृत्व ने चेतावनी दी थी कि यदि जॉब कार्ड धारकों और कर्मचारियों का भुगतान नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने सरकार को दस दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि मनरेगा मजदूरों और संविदा कर्मियों का भुगतान जल्द नहीं किया गया तो कांग्रेस व्यापक आंदोलन छेड़ेगी और सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय गोयल, अनुशासन समिति के चेयरमैन अरविंद शर्मा, सुखपाल गौतम, महबूब सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भाजपा संगठन में फेरबदल, नए चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** लंबे इंतजार के बाद भाजपा ने जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नवगठित जिला टीम में श्यामेंद्र त्यागी, राहुल उपाध्याय और कपिल एसएम को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके अलावा संगठन के विभिन्न पदों पर कुल 32 पदाधिका. रियों को नियुक्त किया गया है। नई सूची जारी होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया।

जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने जानकारी देते हुए बताया कि राजसुंदर तेवतिया, पवन सैनी, मनोज गौतम, राजीव सिरोही, राजेश शर्मा, पायल गुप्ता, जयभगवान शर्मा और पुनीत गोयल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नरेश गुर्जर, पिंकी त्यागी, नवीन तोमर, संगीता पुरुषोत्तम, अमित शर्मा, अनिरुद्ध सिंह कस्तला, सन्नी तोमर और हितेश कुमार को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। अंशुल मित्तल को जिला कोषाध्यक्ष तथा नरेंद्र त्यागी को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। राजीव शर्मा को कार्यालय मंत्री और मुदित गोयल को सह कार्यालय मंत्री बनाया गया है। मीडिया प्रबंधन के लिए अमित टांक को जिला मीडिया प्रभारी तथा अमित नागर और कृष्ण कुमार को सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया और आईटी विभाग में भी नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार हापुड़, गढ़ और पिलखुवा नगर पालिकाओं के साथ-साथ बाबूगढ़ नगर पंचायत के लिए भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के नाम भेजे गए हैं। इन निकायों में नामित सभासदों की नियुक्ति जल्द होने की संभावना है। सदस्य बनने के लिए संगठन में पूर्व में महत्वपूर्ण पद पर कार्य करना अनिवार्य माना जाता है। इस पद के लिए पूर्व जिला महामंत्री मोहन सिंह का नाम प्रमुख रूप से चर्चा में है। नई जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद पार्टी संगठन में सक्रियता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नई टीम आगामी चुनावी तैयारियों और संगठन विस्तार में अहम भूमिका निभाएगी।



# 251 दीपों की ज्योति से जगमगाया कमला भवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** चैत्र प्रतिपदा और हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर मोहल्ला छीपीवाड़ा स्थित कमला भवन में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह का अनुपम दृश्य देखने को मिला। भक्ति सेवा समिति की ओर से आयोजित गायत्री महाज्ञान यज्ञ एवं भव्य कीर्तन कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ 251 दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीपों की दिव्य आभा और गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा। 100 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार के माध्यम से हिंदू नववर्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण जय गायत्री माता के जयघोष से गूंजता रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भक्मि सेवा समिति की अध्यक्ष लविता बंसल ने कहा कि गायत्री माता ज्ञान, सद्बुद्धि और आध्यात्मिक चेतना की प्रतीक हैं। नियमित रूप से गायत्री मंत्र का जप करने से व्यक्ति के विचारों में पवित्रता आती है। आयोजन को सफल बनाने में समिति की मंत्री सुरभि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रानी बंसल और संयोजिका पूजा कौशिक की अहम भूमिका रही। भारत विकास परिषद से जुड़ी लक्ष्मी मित्तल ने भी कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा हापुड़ से आई समाजसे. विका शशि गोयल, कुसुम लता गुप्ता, पायल बंसल, बिरजेश सहित कई महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। भक्ति सेवा समिति का यह आयोजन क्षेत्र में लंबे समय तक चर्चा का विषय बना रहा।



# हिस्ट्रीशीटर को जिला मंत्री बनाते ही हापुड़ में सियासी हलचल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा के बाद संगठन में एक नाम को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। जिला मंत्री पद पर नियुक्त किए गए पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव गालंद निवासी नवीन तोमर को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि नवीन तोमर का नाम पुलिस अभिलेखों में हिस्ट्रीशीटर के रूप में दर्ज है, जिससे पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा का माहौल बन गया है।

सूत्रों के अनुसार नवीन तोमर पर पूर्व में विभिन्न आपराधिक गति. विधियों से जुड़े मामले दर्ज रहे हैं और उनका नाम सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के आरोपों में भी सामने आता रहा है। ऐसे में उन्हें जिला संगठन में अहम जिम्मेदारी दिए जाने पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों ने इस नियुक्ति को लेकर नाराजगी भी जताई है। नई कार्यकारिणी में जिला मंत्री के रूप में नाम आने के बाद नवीन तोमर के समर्थकों में खुशी का माहौल है, जबकि विरोधी खेमे में असंतोष देखा जा रहा है। जिले में भाजपा की नई टीम घोषित होने के बाद जहां अधिकांश पदा. धिकारियों के चयन का स्वागत किया जा रहा है, वहीं इस एक नियुक्ति ने पूरे घटनाक्रम को विवादों के घेरे में ला दिया है। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है और संगठन के भीतर उठ रही आवाजों पर क्या प्रतिक्रिया देता है।



# सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक और उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का मेरठ के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चालक व वाहन मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गीता निवासी गांव दौलतपुर कला थाना नरसेना जिला बुलंदशहर ने बताया कि 11 मार्च को उसका पुत्र अपने परिवार के साथ ग्राम कनौर से लौट रहा था। जैसे ही वह डहरा-कनौर मार्ग पर काला आम मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रही महेंद्र पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में उसका पुत्र सुनील और साथी अंशुल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि जब वह इलाज के खर्च के लिए वाहन मालिक अर्पण के पास पहुंची, तो उसने जाति पूछकर अपमानित किया और जातिसूचक शब्द कहते हुए भगा दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिकअप चालक रितिक व वाहन मालिक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# 84 ईदगाह व 456 मस्जिदों में नमाज, पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ईद-उल-फितर के पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए हापुड़ जनपद में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है। मेरठ रेंज के निर्देश पर जिले के सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। जनपद में 84 ईदगाह और 456 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी, जिसे देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। रेंज स्तर पर तैयार सुरक्षा योजना के तहत कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोन और सेक्टर व्यवस्था लागू की गई है तथा क्विक रिस्पांस टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं। संवे. दनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष निगरानी के साथ ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। नमाज स्थलों और प्रमुख मार्गों पर लगातार पैदल गश्त की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि त्योहार के दौरान बाजारों, मॉल और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी, क्योंकि रमजान के अंतिम दिनों में बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए निकलते हैं। ईद के दिन नमाज के बाद लोगों के एक-दूसरे से मिलने-जुलने के दौरान भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहेंगे और मस्जिदों के आसपास आने-जाने वाले मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

प्रशासन द्वारा जिले के संवेदनशील और संभावित विवाद वाले स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। मेरठ रेंज डीआईजी के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी और चौकी इंचार्ज को अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्ण जिम्मेदारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। पुलिस बल को हेलमेट और बॉडी प्रोटेक्टर जैसे सुरक्षा उपकरणों से लैस किया गया है तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्रवाई दल तैयार रखे गए हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उन्हें सक्रिय किया गया है और जहां आवश्यकता है वहां अतिरिक्त कैमरे लगाए जा रहे हैं। यूपी-112 के वाहनों को भी संवेदनशील मार्गों और स्थानों पर तैनात किया गया है। यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# जोन स्तरीय प्रतियोगिता में एथलीट्स का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के शाहपुर रोड स्थित देव मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल के अंतर्गत जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एथलीट्स के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली के तत्वाधान में संपन्न हुई, जिसमें डी.एम. स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक हासिल किए।खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर न केवल अकादमी बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। सब जूनियर वर्ग में त्रिशांत ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण, रिया ने 800 मीटर में स्वर्ण और माही ने 800 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में धीरज पाल ने 200 मीटर में रजत, यशी ने 100 व 200 मीटर में रजत, अर्जुन ने भाला फेंक में स्वर्ण, नवरूप ने लंबी कूद में कांस्य तथा वैष्णवी ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। सीनियर वर्ग में वंशिका ने 400 व 800 मीटर दौड़ में क्रमशः स्वर्ण और रजत, जबकि प्राची ने ऊंची कूद में स्वर्ण और लंबी कूद में रजत पदक जीता। मोहम्मद फैजान ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारत गुर्जर, नमन, तुषार, नरेश और खुशी ने विभिन्न स्पर्धाओं में स्थान प्राप्त किए।विद्यालय के निदेशक सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि ग्रामीण खेल लीग के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिल रहा है, और बच्चे निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सकारात्मक परिश्रम ही सफलता की कुंजी है और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य युधिष्ठिर यादव, स्कूल कोऑर्डिनेटर योगेंद्र सिंह, ब्रज सिंह, रोहित कुमार, तनीषा भड़ाना, छायाकार ओम कौशिक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत का आयोजन हुआ, किसानों की समस्याओं के बारे में हुई चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़मुक्तेश्वर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत का आयोजन ग्राम सलारपुर में सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष पवन फौजी के आवास पर जिलाध्यक्ष पवन हूण के नेतृत्व में किया गया। पंचायत की अध्यक्षता कटार सिंह ने की, संचालन प्रवेश हूण ने किया।

पंचायत में किसानों की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। खासतौर पर गन्ना भुगतान में देरी, किसानों के बच्चों को रोजगार दिलाने, भूमि के अंश संशोधन तथा बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर किसानों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। वक्ताओं ने कहा कि समय पर गन्ना भुगतान न होने से किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने एकजुट होकर निर्णय लिया कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इसी क्रम में 27 मार्च को सिंभावली शुगर मिल पर गन्ना भुगतान और किसान-मजदूरों के बच्चों को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया गया। इस दौरान धर्मवीर मुखिया, महेश प्रधान, श्यामवीर सिंह, रामकुमार आर्य, अजय पाल सिंह, श्रीपाल सिंह, पवन कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, डा. रकम सिंह, अमित कुमार, मनोज कुमार, अरविंद सिंह, कुलदीप रवि भाटी, डा. जितेंद्र, विजेंद्र सिंह अधाना, श्याम कुमार सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि किसानों के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## एक नजर

# गांव में गूंजी शिक्षा की अलख, चौपाल में जुटे अधिकारी-अभिभावक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय अचलगढ़ी में भव्य शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी ने इसे जनभागीदारी का सश मंच बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी धौलाना मनोज कुमार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज चतुर्वेदी और ग्राम प्रधान सुषमा तेवतिया उपस्थित रहीं। पिलखुवा देहात न्याय पंचायत क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में भी समानांतर रूप से शिक्षक चौपाल आयोजित कर अभियान को व्यापक स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय जटपुरा के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। पंचायत अधिकारी सीमा तोमर ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालयों में नए प्रवेश शुरू हो चुके हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय से नामांकन कराकर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए विद्यालय परिवार की सराहना भी की। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, जोगिंदर सिंह, दीप्ति, विजेता सिंह, अज्जू सिंह, जयंती वर्मा, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शिक्षा चौपाल का उद्देश्य निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को जन-जन तक पहुंचाना और समाज को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उमड़ी भागीदारी ने स्पष्ट कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना क्षेत्र में बाइक में हवा भरवाते समय एक युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिंभावली के गांव वैट निवासी नौशाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मार्च को वह कन्नौर गांव में भैंस लेने जा रहा था। रास्ते में वह अपनी बाइक में हवा भरवाने के लिए रुका, तभी कन्नौर निवासी फुरकान अपने साथ दो अज्ञात व्यक्तियों को लेकर मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए नौशाद के साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़ित के अनुसार विरोध करने पर आरोपियों ने हवा भरने वाले पंप और डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गंदे पानी की रोकथाम के लिए हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर अलग अलग वार्ड में दूषित पानी की सप्लाई आने की सूचना मिलने पर पालिका अधिकारियों ने समस्या को दूर करना शुरू कर दिया है। पालिका ईओ पवित्रा त्रिपाठी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और खराब पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने चलाया बुल्डोजर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर मंगलवार को भनौता में अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। भनौता में करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। कालोनाइजर अधिसूचित एरिया में अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। उन्होंने अपील की है कि अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की टीम अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम भनौता के खसरा संख्या 387 की जमीन पर कालोनाइजर अवैध निर्माण कर कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक रोहित गुप्ता व वर्क सर्किल दो की टीम पूरी टीम ने मौके पर जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया और लगभग 10 हजार वर्ग मीटर जमीन कब्जे से मुक्त करा लिया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है। यह कार्रवाई दोपहर दो बजे से एक घंटे तक चली।

## महिला समेत चार ने पड़ोसी को पीटा

**नोएडा।** सेक्टर-112 में विवाद के बाद महिला, उसके भाई और बेटे ने पड़ोसी के साथ मारपीट कर दी। इस मामले में महिला समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। करन ने सेक्टर-113 थाने में शिकायत दी कि उनके पिता रविवार शाम ड्यूटी से घर आए। इसके बाद शिखा ने उनके पिता को कॉल कर अपने घर बुलाया। दोनों के बीच लंबे समय से फोन पर बातचीत होती थी। करन के पिता महिला के पास पहुंचे तो उनका विवाद हो गया। इसके बाद शिखा, उसके भाई किशन, बेटे राहुल और रितु ने उनके पिता के साथ मारपीट की। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

लोगों ने किसी तरह पीड़ित को आरोपियों के चंगुल से बचाया। घायल का सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग कारोबारी को 20 दिन डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ से अधिक ठगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने सूरजपुर निवासी बुजुर्ग कारोबारी को 20 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पीड़ित ने 12 मार्च को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। सेक्टर-36 स्थित साइबर क्राइम थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर निवासी 72 वर्षीय दिलीप कुमार दास ने बताया कि छह फरवरी को उनके पास एक फोन कॉल आई। कॉलर ने खुद को सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके नाम पर एक सिम कार्ड जारी हुआ है, जिसका गैरकानूनी कामों में इस्तेमाल हो रहा है। मामला गंभीर होने के कारण एजेंसियां जांच में जुटी हैं।

कुछ ही देर बाद उसने वीडियो कॉल कर कोर्ट रूम जैसी सेटिंग दिखाई। एक व्यक्ति जज की तरह बैठा था और उसके पास एक अन्य व्यक्ति पुलिस अधिकारी की वर्दी में खड़ा था। उनको विश्वास दिलाया गया कि अगर वह जांच सहयोग नहीं करेंगे तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ठगों ने उन पर लगातार दबाव बनाया और कहा कि उनके बैंक खातों की जांच होगी। जांच पूरी होने तक घर से बाहर नहीं जाना और फोन कॉल चालू रखना है। इसके बाद ठगों ने उनसे कहा कि वह अपने खाते में जमा रुपये सत्यापन के लिए दूसरे खातों में ट्रांसफर कर दें। जांच के बाद पूरी रकम वापस कर दी जाएगा।डर के कारण दिलीप कुमार ने अलग-अलग तारीखों में रुपये ट्रांसफर किए। 13 फरवरी को करीब 51.95 लाख रुपये, 19 फरवरी को 48.95 लाख रुपये, 21 फरवरी को 10.95 लाख रुपये, 25 फरवरी को 17.20 लाख रुपये और 26 फरवरी को 56 हजार 962 रुपये ट्रांसफर किए गए। इस तरह कुल एक करोड़ 29 लाख 61 हजार 962 रुपये ठगों के खातों में चले गए। कुछ दिन बाद ठगों ने पीड़ित को सुप्रीम कोर्ट और मुंबई पुलिस के नाम से फर्जी लेटर भी भेजे।

उन्होंने कहा कि उसे नो ड्यूज सर्टिफिकेट मिल गया है और रुपये जल्द वापस कर दिए जाएंगे। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये वापस नहीं आए तो दिलीप कुमार को ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने 12 मार्च को ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से मदद मांगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संबंधित बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## सीआईपीएल को ओएनजीसी का एआई आधारित आईटी इंफ्रा प्रोजेक्ट का ठेका

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** यूपी के शो-विंडो कहे जाने वाले नोएडा के लिए एक और शानदार उपलब्धि का मौका है। नोएडा स्थित आईटी कंपनी सीआईपीएल को देश की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी का इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का अनुबंध मिला है। नोएडा सेक्टर-138 स्थित आईटी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सीआईपीएल (कॉरपोरेट इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड) इस अनुबंध तहत अगले तीन वर्षों तक ओएनजीसी के आईटी इंफ्रा का प्रबंधन करेगी। इस प्रोजेक्ट के साथ ही ओएनजीसी में एआई आधारित डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन की शुरुआत होगी।

सीआईपीएल के मुताबिक ये एक अतिमहत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है जिसकी लागत 125 करोड़ रुपये है। यह अनुबंध ओएनजीसी के आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई आधारित डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, मेंटेनेंस और आंतरिक सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने से संबंधित है। कंपनी द्वारा सोमवार को जारी बयान में बताया गया कि इस परियोजना के तहत सीआईपीएल, ओएनजीसी के देशभर में स्थित कुल 47 स्थानों पर आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर का रखरखाव, डिजिटलीकरण और आईटी इंफ्रा सुरक्षा को सुदृढ़ीकरण का कार्य करेगी। देशभर के कई हिस्सों में स्थित ओएनजीसी ऑफिस में ये प्रोजेक्ट तीन वर्षों की अवधि में पूरा किया जाएगा।

सीआईपीएल के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार के मुताबिक ये साझेदारी केवल इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य एआई आधारित डिजिटलीकरण के माध्यम से आईटी संचालन को ओर अधिक सक्षम, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट में एआई-ड्रिवन मॉनिटरिंग, प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस और इंटेलिजेंट ऑटोमेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे मिशन-क्रिटिकल सिस्टम की दक्षता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए सीआईपीएल की ओर से 450 से अधिक कुशल आईटी एवं तकनीकि पेशेवरों की टीम ओनजीसी के देश भर में स्थित कार्यालायों में इस कार्ययोजना को लागू करेगी जिसके तहत चौबीसों घंटे तकनीकी सहायता और निगरानी शामिल है। कंपनी के अनुसार इस परियोजना के माध्यम से ओएनजीसी के लिए भविष्य-उन्मुख, सुरक्षित और मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा, जिससे बड़े स्तर के आईटी इकोसिस्टम के प्रबंधन में नई मिसाल स्थापित होगी।

उल्लेखनीय है कि 1956 में स्थापित ओएनजीसी भारत की सबसे बड़ी तेल एवं गैस अन्वेषण एवं उत्पादन कंपनी है और यह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत महारत्न सार्वजनिक उपक्रम है वहीं, 2007 में स्थापित सीआईपीएल देश की प्रमुख एंड-टू-एंड आईटी एवं टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन प्रदाता कंपनियों में से एक है, जो हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के साथ-साथ क्लाउड-फर्स्ट पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और एआई आधारित गवर्नेंस मॉडल के क्रियान्वयन में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी इससे पहले भी कई केंद्रीय एवं राज्य सरकारी संस्थानों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के लिए कई महत्वपूर्ण आईटी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा कर चुकी है।

# अस्पतालों में फर्जी तरीके से ईसीएचएस कार्ड से इलाज कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने फर्जी तरीके से ईसीएचएस कार्ड का उपयोग कर निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक महिला समेत 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, व्हाट्सएप के माध्यम से प्रयोग किया गया ईसीएचएस कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए फर्जी तरीके से ईसीएचएस कार्ड का उपयोग कर अस्पतालों में इलाज कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 अभियुक्त शिखा सिंह पुत्री स्व. सुरेन्द्र सिंह,यश सिंह पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र यादव पुत्र बिजेन्द्र सिंह यादव एवं दानिश खान पुत्र यामीन को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पता चला है कि एक वादी की पुत्री के ईसीएचएस कार्ड एवं आधार कार्ड का फर्जी तरीके से उपयोग करते हुए तनु पुत्री स्व. सुरेन्द्र सिंह का अस्पताल में इलाज कराया गया। इस कृत्य के माध्यम से उपचार में व्यय होने वाली लगभग 6.50 लाख की धनराशि का अवैध लाभ प्राप्त किया गया। उपचार के दौरान तनु की मृत्यु हो जाने पर अभियुक्तों द्वारा वादी की जीवित पुत्री के नाम से ही फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र तैयार कर प्रस्तुत कर दिया गया।

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्ता शिखा सिंह द्वारा बताया गया कि उसकी सगी बहन तनु लंबे समय से बीमार थी तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा था। उसकी परिचित जो स्वास्थ्य विभाग, बुलंदशहर में कार्यरत है, के द्वारा दानिश खान से संपर्क करा दिया गया। जिसने कम खर्च में इलाज कराने का आश्वासन दिया। दानिश के कहने पर अभियुक्ता एवं उसके भाई यश सिंह ने तनु को वादी की पुत्री के नाम से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके लिए दानिश द्वारा व्हाट्सएप पर भेजे गए फर्जी ईसीएचएस कार्ड एवं आधार कार्ड का उपयोग किया गया। उपचार के दौरान 5 अगस्त 2025 को तनु की मृत्यु हो गई, जिसके उपरांत शव भी उसी फर्जी नाम से प्राप्त किया गया। इस कार्य के एवज में दानिश खान को लगभग 65 हजार रुपए ऑनलाइन व शेष धनराशि नकद दी गई।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त दानिश खान द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अपने साथी प्रदीप पुत्र कुंवरपाल निवासी बुलंदशहर के साथ मिलकर पिछले लगभग 2 वर्षों से इस प्रकार की धोखाधड़ी कर रहा है। दोनों ऐसे लोगों को तलाशते हैं जो इलाज का खर्च बचाना चाहते हैं तथा उन्हें फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराकर क्लेम दिलवाते हैं और बदले में धनराशि प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रकरण में दोनों पूर्व में थाना फेस-2 नोएडा से जेल भी जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद पुन: इस कार्य में संलिप्त हो गए। अभियुक्त प्रदीप की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**ईसीएचएस में रिश्वतखोरी के खेल का बड़ा पर्दाफाश:** उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई ने एक बड़ी स्ट्राइक की है। सेना के पूर्व जवानों की सेहत से जुड़े विभाग यानी ईसीएचएस में रिश्वतखोरी के खेल का बड़ा पर्दाफाश हुआ है। सीबीआई ने ईसीएचएस के एक मेडिकल ऑफिसर और एक निजी अस्पताल के असिस्टेंट जनरल मैनेजर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी मेडिकल ऑफिसर को 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते वक्त पकड़ा गया। मेडिकल ऑफिसर पर आरोप है कि वह अवैध कमीशन के बदले मरीजों को जानबूझकर उस खास निजी अस्पताल में रेफर कर रहा था। 15 मार्च 2026 को दर्ज इस मामले में कुल 5 लोगों को नामजद किया गया है।

सीबीआई द्वारा की जारी एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, यह पूरा नेक्सस सरकारी खजाने और मरीजों की मजबूरी पर फल-फूल रहा था। इस कार्रवाई के तहत सीबीआई ने नोएडा, एटा, फिरोजाबाद और फर्रुखाबाद समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की है, जहाँ से अहम डिजिटल सबूत और दस्तावेज बरामद किए गए हैं। सीबीआई इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

## एक नजर

### हवाई अड्डे के उद्घाटन की संभावित तारीखें आईं सामने, पीएम करेंगे जनसभा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए 28 या 29 मार्च को एक संभावित जनसभा आयोजित की जाएगी। अपर आयुक्त राजीव मिश्रा और अन्य अधिकारियों ने हवाई अड्डा परिसर का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उद्घाटन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए किया गया। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने भी पर्यावरण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शुरू होने से संबंधित थी। प्रधानमंत्री की संभावित जनसभा 28 या 29 मार्च को होनी है। इस जनसभा और रैली के लिए जर्मन शैली के हैंगर बनाने का काम शुरू हो गया है।

### ईपीएफओ के पांच अधिकारियों का नेशनल इंडोर गेम्स में चयन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सेक्टर-24 स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों का 2025-26 की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी 16 से 18 मार्च तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली ईपीएफओ ऑल इंडिया एथलेटिक्स और इंडोर गेम्स में हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए जिले से कुल 5 अधिकारियों का चयन हुआ है। कैरम सिंगल्स (महिला) में ज्योति यादव, कैरम डबल्स (पुरुष) में सरबजीत सिंह और संतोष नारायण निगम का चयन हुआ है। साथ ही यह दोनों अधिकारी कैरम डबल्स (मिक्स्ड) में भी सरबजीत सिंह और ज्योति यादव अपनी चुनौती पेश करेंगे। वहीं एथलेटिक्स स्पर्धा में 100 मीटर दौड़ (पुरुष) के लिए नागेंद्र शर्मा और 4×100 मीटर मिक्स्ड रिले रेस में भव्य दुबे टीम का हिस्सा होंगे।

### तेज रफ्तार कार ने वकील की गाड़ी को मारी टक्कर, आरोपी फरार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-113 थाना क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार का चालक महिला अधिवक्ता की कार में टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में महिला बाल-बाल बच गई। सेक्टर-76 स्थित सोसाइटी निवासी श्रेया सिन्हा ने पुलिस को शिकायत दी कि वह पेशे से अधिवक्ता हैं। वह 15 मार्च की देर रात करीब साढ़े 12 बजे अपनी सोसाइटी के सामने वाली सड़क पर यूटर्न लेने के लिए कार धीमी कर रही थीं, तभी पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उनकी गाड़ी आगे की ओर उछल गई। श्रेया कार से बाहर निकलीं तो उनकी कार के पीछे के शीशे टूट चुके थे। कार को काफी नुकसान हुआ। टक्कर मारने वाला चालक मौके से तेज गति से फरार हो गया। इसके कारण वह कार का नंबर नहीं देख सकीं। श्रेया ने बताया कि अगर उन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगाई होती तो और गंभीर हादसा हो सकता था। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

### सोशल मीडिया पर किशोरी के फोटो वायरल किए

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-3 थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी के आपत्तिजनक फोटो वायरल होने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने बिहार निवासी युवक पर इंस्टाग्राम आईडी से फोटो वायरल करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में सेक्टर-66 स्थित गांव में परिवार के साथ किराये के घर में रहते हैं। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। वह किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी 13 वर्षीय बेटी के आपत्तिजनक फोटो मूलरूप से बिहार के नवादा जिला निवासी युवक अपनी इंस्टाग्राम आईडी से वायरल कर रहा है। रिश्तेदारों और परिचितों ने उन्हें जब इसकी जानकारी दी तो परिवार के लोग नाराज हो गए। उन्होंने इंस्टाग्राम आईडी के जरिये आरोपी के मोबाइल नंबर पर कॉल की। उसे बताया कि फोटो वायरल करने से उनके परिवार की बदनामी हो रही है। इस पर आरोपी भड़क गया। उसने फोन पर ही गाली-गलौज की और शिकायत करने पर दोबारा फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि वह उसके परिवार को बदनाम करेगा। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गैस किल्लत से कारोबारियों की चिंता बढ़ी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच युद्ध के कारण सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) से जुड़े कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। गैस की किल्लत का असर औद्योगिक गतिविधियों पर भी दिखाई देने लगा है। इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन (आईबीए) ने सरकार को पत्र लिखकर इस स्थिति पर काबू पाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है।संस्था के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने बताया कि स्थिति यह है कि उद्योगों के लिए आवश्यक कच्चा माल, गैस और ऊर्जा संसाधन या तो उपलब्ध नहीं हैं या अत्यधिक महंगे दामों पर मिल रहे हैं।

इससे छोटे उद्योगों का संचालन संभव नहीं है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की भारी कमी है। वहीं, कच्चे माल की कीमतों में भारी वृद्धि कर दी गई है। पेपर उद्योग में कीमतों में बेतहाशा उछाल होने से लोहे और एल्युमीनियम जैसे धातुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। छोटे उद्योग तेजी से बंद हो रहे हैं। कई इकाइयां पहले ही उत्पादन रोक चुकी हैं। महासचिव सुनील दत्त शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में एमएसएमई सेक्टर दोहरी मार झेल रहा है। एक ओर कच्चे माल और गैस की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि, वहीं दूसरी ओर बाजार में मांग और मूल्य स्वीकृति का अभाव है। उद्यमियों का कहना है कि यदि समय रहते इस संकट का समाधान नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर उत्तर प्रदेश सरकार के 'वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी' और भारत के 'विजन 2047' पर पड़ेगा।

## जिले की पांच परियोजनाओं को यूपी रेरा की मंजूरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू- संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की मंगलवार को हुई 198वीं बैठक में 13 जिलों में 24 रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें गौतमबुद्ध नगर जिले की सबसे अधिक पांच परियोजनाएं शामिल हैं। परियोजनाओं में फ्लैट, विला, भूखंड और दुकानें मिलाकर 7830 इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि आवासीय, व्यावसायिक और मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। गौतमबुद्ध नगर निवेश, परियोजनाओं की संख्या और विकसित होने वाली इकाइयों के मामले में सबसे आगे है। यहां 5,218.41 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश वाली तीन व्यावसायिक, एक आवासीय और एक मिश्रिम भू-उपयोग परियोजना को मंजूरी दी गई है।

इनमें फ्लैट, विला और दुकान मिलाकर 2,969 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, राजधानी लखनऊ में चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसमें 132.65 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 651 इकाइयां विकसित की जाएंगी। आगरा में तीन आवासीय परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। गाजियाबाद में 83 करोड़ रुपये निवेश आएगा: गाजियाबाद में दो व्यावसायिक और एक आवासीय परियोजना को मंजूरी मिली है, जिनमें ₹83.85 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 468 इकाइयां विकसित होंगी। मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी, बांदा, सहारनपुर, हापुड़ और बाराबंकी में मंजूर एक-एक आवासीय परियोजना में ₹6,800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पिता-पुत्र को मिली जमानत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सत्र अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पिता मनोज पासवान और उसके पुत्र नीरज पासवान को जमानत दे दी है। अदालत ने मामले के तथ्यों, साक्ष्यों और परिस्थितियों का अवलोकन करने के बाद यह निर्णय सुनाया। प्रकरण थाना कासना क्षेत्र से जुड़ा है। जहां वादी जितेंद्र नागर ने अपने भाई वीपी सिंह की मौत के मामले में मनोज पासवान और उसके पुत्र नीरज पासवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि दोनों आरोपियों ने मृतक के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद उसने आवेश में आकर आत्महत्या कर ली। साथ ही आरोप यह भी था कि घटना के बाद शव को एम्बुलेंस में रखकर ले जाया गया था। आरोपी के अधिवक्ता ने दलील दी कि घटना के दिन मृतक शराब के नशे में घर पहुंचा था और उसका अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। विवाद के दौरान मारपीट भी हुई। जिस पर आरोपी ने बीच-बचाव किया। इसके बाद मृतक की पत्नी ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था।

जिससे आहत होकर मृतक ने उसी मकान के एक खाली कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों को जमानत दी है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

## मिठाई कारोबारियों के पास में गलतियां सुधारने का 31 मार्च तक मौका

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** मिठाई कारोबारियों के पास में गलतियां सुधारने का 31 मार्च तक मौका है। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई होगी। उनसे टैक्स के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। सर्वे के दौरान नोएडा में मिठाई कारोबारी की दो दुकानों पर करीब 12 करोड़ रुपये की कमाई छिपाने की जानकारी मिली थी।आयकर विभाग ने करीब आठ से नौ दिन पूर्व नोएडा, गाजियाबाद और बुलंदशहर में प्रमुख मिठाई की दुकानों पर सर्वे किया था।

लगभग 100 अधिकारियों की अलग-अलग टीमों ने 40 घंटे से अधिक समय तक जांच की थी, जिसमें पेट-पूजा इलेक्ट्रॉनिक ऐप के माध्यम से करोड़ों की टैक्स चोरी और बिक्री के आंकड़ों में हेरफेर करने की जानकारी पकड़ी गई थी। इसमें नोएडा के मिठाई और फूड आउटलेट अग्रवाल स्वीट्स, बुलंदशहर स्थित बंसल बीकानेर और गाजियाबाद के लोकनाथ समेत अन्य मिठाई कारोबारियों के प्रतिष्ठान शामिल रहे।अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम, डिजिटल अकाउंटिंग डाटा और वित्तीय दस्तावेजों की पड़ताल की थी, जिसमें कई अहम डिजिटल साक्ष्य मिलने की बात सामने आई। आयकर विभाग विभाग के अनुसार के सक्षम नज अभियान के तहत, मिठाई कारोबारी अपनी छिपी हुई आय को संशोधित रिटर्न दाखिल करके सुधार सकते हैं। इसके तहत कारोबारी 31 मार्च से पहले अपने आयकर रिटर्न को अपडेट कर दें। सक्षम नज अभियान करदाताओं को एआई आधारित डाटा विश्लेषण के जरिए पकड़ी गई आय को कम दिखाने या गलत कटौती की गलतियों को स्वेच्छा से सुधारने का मौका दे रहा है। इसके लिए अभियान के पहले चरण में देशभर के 63 हजार रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों को ई-मेल भेजने की प्रक्रिया की गई है।

# नवरात्रि से पहले बाजारों में रौनक बढ़ी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्रि का पर्व गुरुवार से शुरू होगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं ने माता रानी के वस्त्र, शृंगार, चुनरी और पूजा सामग्री की खरीदारी शुरू कर दी। इसके चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सेक्टर-59 मामूरा बाजार, सेक्टर-18 अट्टा मार्केट, भंगेल मार्केट, सेक्टर-27 स्थित इंद्रा मार्केट के अलावा शहर के अन्य बाजारों में माता की चुनरी के अलावा पोशाकों की मांग सबसे अधिक है। स्थानीय दुकानदार रवि किशन ने बताया कि इस बार मातारानी के वस्त्रों की कीमत 200 रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक है। पिछले साल की तुलना में इस बार दामों में बढ़ोतरी देखने को मिली है, फिर भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है।

महंगे वस्त्रों में खास कढ़ाई, स्टोन वर्क, जरी-बॉर्डर और आकर्षक डिजाइन होते हैं, जो माता की प्रतिमा को भव्य और आकर्षक रूप देते हैं। यही वजह है कि श्रद्धालु इनकी खरीदारी में खास रुचि दिखा रहे हैं। मंदिरों के बाहर भी मातारानी के शृंगार के सामान की खरीदारी तेजी से हो रही है। इनकी कीमत 50 से 500 रुपये तक है। मंदिरों में सजावट शुरूचैत्र नवरात्रि को लेकर शहर के विभिन्न मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर प्रबंधकों के अनुसार शहर के मंदिरों के कपाट नौ दिनों तक पूरे दिन भक्तों के लिए खुले रहेंगे। कई मंदिरों में सुबह से माता की चौकी के साथ भजन-कीर्तन और भंडारे के प्रसाद की व्यवस्था हेगी। सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी नवरात्रि पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# यमुना में बड़ी-बड़ी पोर्कलेन मशीनों से रात-दिन हो रहा है बालू खनन

## नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे बालू खनन का हो रहा भारी विरोध, अधिकारी बन रहे अनजान

■ ग्रामीणों के द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अनदेखी कर रहे अधिकारी






**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** गांव नैथला के यमुना में चल रहे बालू खनन को लेकर चारों ओर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और यमुना में अवैध रूप से खनन होने की बात कहीं जा रही है, लेकिन उसके बावजूद यह बालू खनन लगातार जारी है। बड़ी-बड़ी पोर्कलेन मशीनों तथा जेसीबी आदि से बड़े पैमाने पर यमुना में बालू खनन किया जा रहा है, लेकिन अधिकारी इसे अवैध नहीं मान रहे हैं जिसके चलते यह लगातार जारी है। यमुना में हो रहे बालू खनन को लेकर ग्रामीण भी खुलेआम विरोध में है और आए दिन इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों के विरोध का भी संबंधित अधिकारियों पर कोई असर नहीं हो रहा है।

बागपत तहसील क्षेत्र के गांव नैथला खादर में मै.गौरव बिल्डर के नाम बालू खनन का 6 माह के लिए एक पट्टा स्वीकृत है जिसके नाम पर बालू खनन किया जा रहा है। यमुना में हो रहे बालू खनन को लेकर आए दिन विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ग्रामीणों ने भी इसके खिलाफ काफी विरोध किया। भारतीय किसान यूनियन अनाज ने भी जिलाधिकारी कार्यालय पर इस बालू खनन के खिलाफ नारेबाजी की और जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन देते हुए इस पर कार्रवाई करने की मांग की गई। किसान यूनियन के अलावा ग्रामीण भी इस खनन को अवैध बताते हुए खुलकर इसके विरोध में है, लेकिन अधिकारियों को वहां पर अवैध खनन नहीं दिखाई दे रहा है। बताया गया कि खनन माफियाओं ने यमुना की धार को भी मोड़ दिया है और बड़ी-बड़ी पोर्कलेन मशीनों तथा जेसीबी से रात दिन खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय बड़े पैमाने पर बड़ी-बड़ी मशीनों से खनन किया जाता है और ओवरलोड ट्रक भर-भर कर निकलते हैं। अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी इस पर अंजान बने हुए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप बालू खनन का यह कार्य अवैध रूप से खुलेआम चल रहा है। अधिकारी इस पर जांच करने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। परिवहन विभाग भी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ओवरलोड ट्रक सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे हैं। परिवहन विभाग भी कुंभ करनी नींद सो रहा है। दिखावे के नाम पर कुछ वाहनों के चालान कर दिए जाते हैं। बाकी सब कुछ खुलेआम चल रहा है।

**"इस मामले में अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय का कहना है कि नैथला में बालू खनन के लिए पट्टा स्वीकृत है जिसमें बालू खनन किया जा रहा है। इस कार्य की लगातार मॉनिटरिंग होती है यदि वहां पर नियम विरुद्ध बालू खनन किए जाने की सूचना मिलती है तो उसकी जांच कराकर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी"**

### नदी की धारा को मोड़कर किया जा रहा बालू खनन

नैथला खादर के यमुना में हो रहे बालू खनन को लेकर विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया ने यमुना नदी की धारा को भी मोड़ दिया है।

नदी की धारा को मोड़कर वहां से बालू खनन किया जा रहा है जिससे एक और पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर यमुना में गहरी गहरी कुंड बना दिए गए हैं।

खनन माफिया को ने ही किसी पर्यावरण के नुकसान की कोई चिंता है और नहीं बालू खनन के नियम तथा शर्तों की परवाह है। चारों ओर बड़ी-बड़ी पोकलेन तथा जेसीबी मशीन में लगाकर बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है।

ओवरलोड ट्रक सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे है, लेकिन इनकी जांच करने वाला कोई नहीं है जिसके चलते यह अवैध बालू खनन रात दिन खुलेआम चल रहा है।



## यूजीसी देश का काला क़ानून है जिसे सहन नहीं किया जा सकता: सुभाष

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बामनोली गांव में ब्राह्मण समाज खाप चौधरीयों की एक बैठक हरेंद्र शर्मा समाजवादी पार्टी उपाध्यक्ष के निवास पर हुई जिसकी अध्यक्षता पंडित चौधरी सुभाष शर्मा (चौधरी चौरासी देशखाप ब्राह्मण समाज) ने चौधरी चौरासी सुभाष ने सम्बोधन में कहाँ कि UGC देश का काला क़ानून है जिसे सहन नहीं किया जा सकता अब खाप चौधरी प्रत्येक गांव में जाकर जन जागरूक अभियान चलाएंगे और इस क़ानून के खिलाफ़ जनता को जागरूक करेंगी, अपने सम्बोधन में चौधरी कुलदीप शर्मा ने कहाँ कि सभी गांव में जन जागरूक के बाद एक बड़ी रैली की जाएगी जिसमे सरकार की आंखे खोलने का कार्य किया जायेगा। UGC का काला क़ानून वापस ले अन्यथा सरकार के खिलाफ़ माहौल बनाया जायेगा, और राजनीस गुप्ता ने कहाँ कि ब्राह्मण, वैश्य और राजपूत ने अपने साथ सभी जातियों को जोड़कर देश के लिए बहुत कार्य किए है। आज 80 प्रतिशत धर्मशाला और वैश्य समाज के बनाये हुए है, मगर सरकार जनता का ध्यान मुद्दों से हटाने के लिए स्वर्ण और अन्य को लड़ाने का कार्य कर रही है जिसे बर्दास्त नहीं किया। जॉ सकता, हरेंद्र नेता सपा अध्यक्ष कहा कि सरकार बनाने में सबसे बड़ा योगदान ब्राह्मण वैश्य और राजपूतो का ही था और आज इन्हे ही बर्बाद करने का कार्य सरकार ने किया है जिसका विरोध किया जायेगा और क़ानून वापिस कराया जायेगा। बैठक में उप चौधरी वेद प्रकाश शर्मा सुरेन्द्र, थंबबा चौधरी हरिओम, थंबबा चौधरी ओमकार शर्मा चौ श्यामबिहारी शर्मा, चौधरी सुभाष चौधरी चौरासी, देशखाफ,



राजपाल शर्मा, हरेंद्र शर्मा गांव पुस. सार, कृष्णपाल गांव लूंब, राजेंद्र गांव किरठल, पुनीत भारद्वाज गांव कंडेरा, नागेन्द्र बामनोली, पुष्पेंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान कुलदीप, राकेश गांव किरठल, सर्वखाफ चौधरी नरेश शर्मा श्रीप्रकाश, चौधरी वीरेंद्र बालियान खाफ अधिक संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर सोमवार रात पुसार-बामनौली के बीच एक अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक अंकित तोमर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बामनौली गांव निवासी अंकित तोमर पुत्र स्व. यशपाल सिंह सोमवार रात करीब दस बजे दोघट से अपनी बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहा था। जैसे ही वह पुसार-बामनौली के बीच पहुंचा, एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन चालक घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे। घायल अंकित को तत्काल बिनौली-बड़ौत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेुर कर दिया। हालांकि, मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही अंकित ने दम तोड़ दिया।

## क्षेत्र में कुत्तो को आतंक, 15 लोगों को लगाए रैबिज के इन्जेकशन

**रटौल।** क्षेत्र में कुत्तो का आतंक बढता जा रहा है। मंगलवार को भी रटौल पीएचसी पर 15 लोगो को रैबीज के इन्जेकशन लगाये गये। ग्रामीणों नें उच्च अधिकारियों को कुत्तो को पकड़वाने की मांग की है।

रटौल क्षेत्र के सरफाबाद, फुलैरा, गौना, खासपुर, भागौट, घिटौरा आदि गावों में कुत्तों का आतंक बढता जा रहा है। मंगलवार को रटौल के फैज, लविश, घिटोरा, तुषार खैला, धुरव फुलैरा, सतीश गौना, हारून रटौल, वर्षा रटौल, मोहन खासपुर, पवन खासपुर, जुनैरा रटौल, अनीता भागौट, जिशान रटौल, अनीता रटौल, अर्जुन रटौल पीएचसी पर रैबीज के इन्जेकशन लगवानें पहुंचे जहा उन्हें रैबीज के इन्जेकशन लगाये गये। खेकड़ा प्रभारी डाक्टर ताहिर नें



बताया कि रैबिज के इन्जेकशन रटौल, खेकड़ा दोनो जगह उपलब्ध है जो मरीज पहुंचता है उसे उपचार दिलाया जाता है। जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत में जल महोत्सव के उपलक्ष्य में निबंध, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का सफ़ल आयोजन।

## जल संरक्षण है एक सामाजिक जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में मंगलवार महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण, जल संकट एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि जल ही जीवन का आधार है, और इसके संरक्षण के प्रति जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यार्थियों को इस दिशा में आगे आकर समाज को प्रेरित करना चाहिए। भूगोल विभाग के कार्यक्रम संयोजक डा. मधुर यादव ने कहा कि ह्जल संसाधनों का वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग ही भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित जल उपलब्ध करा सकता है। इसी क्रम में डा.विभागाध्यक्ष डा. देवेंद्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य शिक्षक साथियों डा.योगेश कुमार डा.राजेश कुमार दुबे डा.अम्बुज कुमार डा.रवि शंकर डा.अजय कुमार डा.मुकेश ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



## 55 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक 55 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह हादसा दिल्ली से सहारनपुर की ओर जा रही एक ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुआ। मृतक की पहचान बागपत जिले के लूंब गांव निवासी जयप्रकाश उर्फ बबलू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, व्यक्ति ट्रेन में सवार होने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना सुबह करीब 9 बजे के आसपास की है। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्टेशन प्रशासन ने तत्काल गवर्नमेंट रेलवे पुलिस को सूचित किया। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक के पिता का नाम सेवाराम बताया जा रहा है। पुलिस को उसकी जेब से खेकड़ा से कासमपुर खेड़ी के लिए खरीदा गया एक रेल टिकट भी मिला है। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह खेकड़ा से कासमपुर खेड़ी की ओर यात्रा कर रहा था।

स्टेशन मास्टर बसंत डेढ़ा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी को सूचित कर दिया गया था। जीआरपी ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे की परिस्थितियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## विकास भवन में जनगणना 2027 के संबंध में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के 12 चार्ज, 3 तहसीलों एवं 9 नगर निकायों के प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए कुल 48 फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जिन्होंने प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की सूक्ष्म बारीकियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया तथा यह भी बताया गया कि जनगणना हमारे सामाजिक,




आर्थिक एवं प्रशासनिक जीवन में किस प्रकार उपयोगी है। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता एवं सटीकता के साथ संपन्न किया जाए। मकान गणना एवं परिवार विवरण दर्ज करते समय किन-किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना है, इस संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। आज प्रशिक्षण शिप्रा सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड 2 जनगणना कार्य निदेशालय की प्रतिनिधि द्वारा विकास भवन सभागार में दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच में 24 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण दिनांक 23, 24 एवं 25 मार्च को विकास भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी बागपत के के भड़ाना द्वारा अपने पूर्व के अनुभवों से संबंधित को जनगणना की जानकारी से रूबरू कराया और उन्होंने जनगणना के होने वाले लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

### क नजर

## चोरों ने की नलकूपों की छत उखाड़कर चोरी

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर गांव के जंगल में अज्ञात चोरो ने चार नलकूपों पर धावा बोल हजारों के बिजली उपकरण चोरी कर ले गये पीड़ित किसानों नें थानें में तहरीर दी है। खट्टा प्रहलादपुर गांव निवासी सुनील नें बताया कि वह देर शाम अपने खेतो पर नलकूपों का ताला लगा घर आ गये थे सुबह जब वह अपने खेतो पर पहुंचे तो नलकूपों के ताले टूटे और छत उखड़ी मिली जहा से अज्ञात चोर सुनील, ब्रजवीर, संजय, सुखबीरे के नलकूपों से कट आऊट, केबिल, स्टार्टर आदि चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानों ने बताया कि लगभग 20 हजार की चोरी हुई है। दर असल चांदीनगर और रटौल क्षेत्र में चोरो का आतंक है चोर आय दिन जगंलो मे नलकूपों पर धावा बोल हजारों का समान चोरी कर ले जाते है जिससे किसान परेशान है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से चोरी की घटनाओं पर अकुंश लगवाने की मांग की है।

## डीएम ने नदियों को बचाने में जनभागीदारी का किया आहवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कभी जीवनदायिनी रही हिंडन नदी को बचाने की मुहिम अब गांव-गांव तक पहुंचती नजर आ रही है। इसी क्रम में मंगलवार को हिंडन नदी शोध यात्रा जनपद बागपत के महाभारतकालीन गांव बरनावा पहुंची, जहां नदी किनारे आयोजित नदी सभा और श्रमदान कार्यक्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और सामाजिक संगठनों की भागीदारी रही, जिसने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दे दिया। बरनावा में नदी किनारे सुबह से ही अलग दृश्य देखने को मिला। ग्रामीण, युवा और बच्चे हाथों में फावड़ा और झाड़ू लेकर सफाई में जुटे रहे। श्रमदान के दौरान लोगों ने स्वयं नदी किनारे कचरा हटाया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान यह साफ दिखा कि अब लोग केवल समस्या सुनने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनने के लिए आगे आ रहे हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने नदी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नदी बचेगी तो ही हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि नदियां केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवन का आधार हैं। यदि आज हम सब मिलकर प्रयास नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने स्तर पर छोटे-छोटे कदम उठाएं, जैसे नदी में कचरा न डालना, रासायनिक प्रदूषण को रोकना और नियमित सफ़ाई अभियान चलाना। नदी सभा में ग्रामीणों को प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही लोगों को यह भी समझाया गया कि वे अपने घरों और खेतों से निकलने वाले अपशिष्ट को सीधे नदी में जाने से रोकें और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों को अपनाएं। पहले नदी का पानी इतना साफ होता था कि लोग सीधे पी लेते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। दरअसल, हिंडन नदी पिछले कई वर्षों से प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रही है। औद्योगिक अपशिष्ट, सीवेज और प्लास्टिक कचरे के कारण नदी का जल कई स्थानों पर उपयोग के योग्य नहीं रह गया है। इसका असर सीधे तौर पर नदी किनारे बसे गांवों के जीवन पर पड़ रहा है। ऐसे में यह शोध यात्रा लोगों को समस्या से जोड़ने और समाधान की दिशा में प्रेरित करने का काम कर रही है। भारतीय नदी परिषद द्वारा निकाली जा रही यह शोध यात्रा सहारनपुर के शिवालिक क्षेत्र से शुरू होकर मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, बागपत और गाजियाबाद होते हुए गौतमबुद्धनगर तक पहुंचेगी। करीब 355 किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान नदी के विभिन्न हिस्सों से पानी के नमूने लेकर उनकी जांच की जा रही है, ताकि प्रदूषण के स्तर का सही आकलन किया जा सके। इस आधार पर एक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपने की योजना है, जिससे ठोस नीति निर्माण में मदद मिल सके। खास बात यह है कि यह यात्रा केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को सीधे जोड़कर व्यवहार में बदलाव लाने का प्रयास भी कर रही है। श्रमदान, पौधारोपण और नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों को यह बताया जा रहा है कि नदी को बचाने के लिए सरकार के साथ-साथ समाज की भी उतनी ही जिम्मेदारी है। इस अभियान में हिंडन नदी के साथ उसकी सहायक नदियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जब तक पूरी नदी प्रणाली को एक साथ नहीं सुधारा जाएगा, तब तक स्थायी समाधान संभव नहीं है। यही कारण है कि इस यात्र में समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र संदीप से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
कृष्णपाल सिंह पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम लौहड्डा, थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोनू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
राजपाल पुत्र फत्ते सिंह निवासी ग्राम राजपुर खामपुर, थाना बडौत तहसील व जनपद बागपत।

# अकबरपुर सादात गंग नहर में झाड़ियों में फंसा मिला विवाहिता का शव

■ ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना, शिनाख्त कराकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** अकबरपुर सादात नहर पुल के पास मंगलवार शाम को पीछे से बहता हुआ आ रहा एक महिला का शव गंग नहर के किनारे खड़ी झाड़ियो में फंस गया। गंग नहर पर घूम रहे ग्रामीणों की नजर जैसे ही गंग नहर झाड़ियां में फंसे शव पर पड़ी तो इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को गंग नहर से बाहर निकाला, शव गला सड़ा अवस्था में महिला का था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। घंटों बाद महिला के पिता ध्यान सिंह ने कद, रंग एवं नाक की बाली से शिवानी उम्र 23 वर्ष पत्नी सौरभ निवासी बेलडा थाना रुड़की के रूप में की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम करीब अकबरपुर सादात नहर पुल के पास मंगलवार शाम को पीछे से बहता हुआ आ रहा एक महिला का शव गंग नहर के किनारे खड़ी झाड़ियो मे फंसा गया। गंग नहर पर घूम रहे ग्रामीणों की नजर जैसे ही गंग नहर झाड़ियां में फंसे शव पर पड़ी तो इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को गंग नहर से बाहर निक. ाला, शव गला सड़ा अवस्था में महिला का था। महिला के पिता ध्यान सिंह ने कद, रंग, एवं नाक की बाली से शिवानी उम्र 23 वर्ष पत्नी सौरभ निवासी बेलडा थाना रुड़की के रूप में की। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी शिवानी पत्नी सौरभ पुत्र चन्द्रपाल 7 मार्च 2026 को रात लगभग 8:30 बजे घर के सामने स्थित सोलानी नदी पुल के पास गई थीं। जिसके बाद से वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका था। परिजनों ने 08 मार्च 2026 को गुमशुदगी व अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भेज दिया है।

### मृतका के पिता ने लगाया हत्या कर शव नहर में डालने का आरोप

मृतका के पिता ध्यान सिंह ने बताया कि आरोप है कि शिवानी 23 वर्ष पति सौरभ ने बीती 7 मार्च को हत्या कर सोलानी के पुल के पास नहर में फेंकने का आरोप लगाया है। पुत्री शिवानी की शादी 13 फरवरी 2025 को सौरभ पुत्री चंद्रपाल निवासी बेलडा थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की हरिद्वार से की थी। उसने अपनी हैसियत के हिसाब से खूब दान दहेज खर्च किया था। शिवानी का पति उसके साथ गली गलौज कर प्रताड़ित कर था। पिता ध्यान सिंह ने आरोप लगाया है कि पति सौरभ ने 8 मार्च को शिवानी के लापता होने की जानकारी दी थी, जबकि वह 7 मार्च को गायब कर दी गई थी।



मृतका का फाइल फोटो।

# तीन महीने से नहीं बना टूटा रास्ता, लोगों को हो रही परेशानी

■ आरोप रास्ते को नहीं बनने देता दबंग युवक, सरकारी नाली के ऊपर बना रखा है मकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मोहल्ला पैंठ चौड़ा में रामलीला ग्राउंड के निकट बीते तीन महीने पूर्व नगर पंचायत द्वारा टूटे रास्ते को उखाड़ा गया था जिससे वहां दूसरा रास्ता बनाया जा सके। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि एक दबंग युवक ने काफी समय पहले सरकारी नाली के ऊपर अपने मकान का कुछ हिस्सा बनाया था। आरोप है कि उक्त युवक अब गली के रास्ते को इसलिए नहीं बनने दे रहा क्योंकि रास्ते के निर्माण के समय नाली से मकान के हिस्से को भी तोड़ा जाएगा इसलिए युवक हर बार रास्ता बनाते समय उसका विरोध करता है जिससे वहां ये रास्ता तीन महीने बाद भी नहीं बनाया जा सका है। इस कारण वहां आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं एक स्थानीय युवक ने अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए रास्ता निर्माण जल्द ही कराने की मांग की है। वहीं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वह परीक्षा ड्यूटी में लगे हुए थे इस संबंध में जानकारी कर जांच कराई जाएगी।



## नामित सभासदों के मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर में मंगलवार को चेयरमैन अशोक कुमार सैनी के आवास पर भाजपा हाई कमान द्वारा नामित किए गए सभासद बनाए जाने की खुशी में मिठाई खिलाकर किया इजहार।

भाजपा हाई कुमान द्वारा विवेक कुमार सैनी, अश्वनी विश्नोई व नरेन्द्र खटीक को नामित सभासद बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें पार्टी का पटका फूल माला पहनाते मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया है।

चेयरमैन अशोक कुमार सैनी एवं कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त नामित सभासद विवेक कुमार सैनी, अश्वनी विश्नोई व नरेन्द्र खटीक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने कहा कि आप संगठन के प्रति निष्ठा के साथ कार्य करते हुए भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आपका कार्यकाल स्फल प्रेरणादायी और संगठन को नई दिशा मिलेगी। इस दौरान भाजपा नेता रविंदर सभासद, हर्षवर्धन बिश्नोई, डॉ. प्रमोद सैनी, वाशू देव, संजय सैनी, मास्टर दीपक सैनी, विकास पाल बजरंगी, सभासद मुकेश सैनी, अशोक कुमार हलवाई, अरुण सैनी आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

# शिकायत से बौखलाए बिजली कर्मी! महिला से अभद्रता, मीटर उखाड़कर काट दिया कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर कस्बे में बिजली विभाग के कर्मचारियों पर एक महिला उपभोक्ता के साथ अभद्र व्यवहार करने और मीटर उखाड़कर कनेक्शन काटने का आरोप लगा है। पीड़िता ने इस संबंध में मुख्यमंत्री पोर्टल और विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शाहजहांपुर निवासी रिहाना पत्नी कलीम का कहना है कि उनके घर का बिजली कनेक्शन सामान्य रूप से चल रहा था। आरोप है कि पिछले वर्ष मीटर बदले जाने के बाद से बिजली बिल में रीडिंग अधिक आने लगी थी। इस संबंध में उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

पीड़िता के अनुसार, शिकायत के बाद 9 दिसंबर 2025 को उनके घर नया मीटर लगाया गया, लेकिन पुराने मीटर की रीडिंग के आधार पर बने बिलों में अब तक संशोधन नहीं किया गया।

रिहाना का आरोप है कि 14 मार्च 2026 को एसडीओ, जेई शाहजहांपुर और लाइनमैन की टीम उनके घर पहुंची और दोबारा मीटर बदलने के लिए कहा। महिला का कहना है कि जब उन्होंने लंबित बिल संशोधन का मुद्दा उठाते हुए मीटर बदलने पर आपत्ति जताई, तो कर्मचारियों से कहा. सुनी हो गई।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान एक कलवा नामक कर्मचारी ने उनके और उनके पुत्र के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उनका यह भी कहना है कि कर्मचारियों ने मीटर को उखाड़ दिया और कनेक्शन काट दिया। साथ ही खंभे पर चढ़कर केबल भी हटा दी गई। महिला ने पूरे मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और विभागीय अधिकारियों से की है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने, बिजली कनेक्शन बहाल कराने और लंबित बिल का संशोधन कराने की मांग की है।



## किशोरी को पुलिस ने आभूषण सहित किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मौहल्ला अम्बेडकर से बहला फुसलाकर ले जाई गई किशोरी को पुलिस ने सर्विलांस के जरिए दिल्ली से बरामद कर लिया। किशोरी द्वारा घर से ले जाए गये गहने प्रेशर कुकर से बरामद किए गए है। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल हेतु तथा आरोपी को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कस्बे से एक किशोरी एक युवक संग गायब हो गई थी। किशोरी के पिता ने मौहल्ला ऊंचा निवासी युवक के खिलाफ थाने में नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने लड़की बरामदगी के लिए तमाम प्रयास किए लेकिन कोई सफलता नहीं मिल रही थी। आरोपी द्वारा लड़की के निकाह कर लेने का एक वीडियो वायरल किया गया जिसमें लड़की खुद को बालिग बता रही थी। कई दिन बाद सर्विलांस के आधार पर लड़की दिल्ली से सोमवार की रात बरामद हो गई। पुलिस आरोपी को भी पकड़ लाई। बताया गया है कि लड़की द्वारा घर से ले जाए गये गहने भी बरामद कर लिए गए है। बताते हैं कि गहने प्रेशर कुकर में छिपा कर रखे गए थे। पुलिस ने निकाह पढ़ाने वाले धर्मगुरु को भी पकड़ लिया। थाना प्रभारी बीके त्रिपाठी ने बताया कि किशोरी को मेडिकल मुआयने के लिए जबकि आरोपी अर्शियान को जेल भेज दिया गया है।

## 25 मार्च को होगा किसान दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला कृषि अधिकारी ने समस्त संबंधित को पत्र प्रेषित करते हुये बताया कि शासनादेश के परिपालन में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाता है। इसी क्रम में उनके कार्यालय के पत्रांक द्वारा 16 मार्च के द्वारा 18 मार्च को किसान दिवस आयोजित होने के संबंध में पत्र जारी किया गया था। परन्तु उ.प्र. सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक जनपद की तरह जनपद मेरठ में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशो के क्रम में माह मार्च का किसान दिवस का आयोजन अब माह के चतुर्थ बुधवार दिनांक 25 मार्च को 12 बजे से आयोजित किया जायेगा।

# सिवाल खास में कच्चे मकान की छत गिरी, पांच लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास के एक कच्चे मकान की छत अचानक गिर गई। इस हादसे में घर में मौजूद एक ही परिवार के पांच सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों के मुताबिक यह मकान नेक मोहम्मद पुत्र आस मोहम्मद का बताया जा रहा है। हादसे के समय नेक मोहम्मद की पत्नी अफसाना, बेटे राहिल और रिहान तथा बेटियां सुहाना और तानिया घर पर मौजूद थीं। तभी अचानक मकान कच्चा होने की वजह से छत गिर गई। जैसे ही छत गिरी तो आसपास के मोहल्ले के लोग घटनास्थल की और दौड़े और मलबे में फंसे लोगों को निकालकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी की हालत स्थिर है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मकान काफी पुराना था इसलिए ही यह हादसा हुआ। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।



## किठौर में डंपर और कोयला लदे ट्रक की भीषण टक्कर, चालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। डंपर और कोयले से लदे ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डंपर संख्या यूपी 14 सीटी 6456 परीक्षितगढ़ की ओर से आ रहा था, जबकि कोयले से लदा ट्रक संख्या यूपी 63 एटी 2335 किठौर की दिशा से आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में डंपर चालक अमित कुमार पुत्र कुंवर पाल, निवासी साधु नगर कंकरखेड़ा मेरठ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर किठौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस के माध्यम से लोट्स अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।



थाना प्रभारी किठौर, सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि दो वाहनों की टक्कर में एक चालक घायल हुआ है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुचारु कराया।

# सरकारी भूमि पर कब्जा कर कॉलोनी की जा रही विकसित: मोहन सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मंगलवार को भाजपा नेता व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी मोहन सैनी ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नगर पंचायत लावड़ व क्षेत्रीय बिल्डरों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि कस्बे में कई जगह नगर पंचायत की मिलीभगत से सरकारी खत्तों की भूमि पर बिल्डर द्वारा कब्जा कर कॉलोनी विकसित की जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी मेरठ से मुलाकात कर इससे संबंधित सभी साक्ष्य उन्होंने उपलब्ध कराए। मोहन सैनी ने इस संबंध में जिला. धिकारी के अलावा नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, कमिश्नर व अन्य उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की। मोहन सैनी ने बताया कि कस्बे में कमेले के निकट खसरा संख्या 13 में लगभग 9 बीघा जमीन है जिसमें कुछ बिल्डरों द्वारा कॉलोनी विकसित की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस भूमि में कॉलोनी विकसित करने की तैयारी की जा रही है उसके आगे सरकारी खत्तों की भूमि है जिस पर बिल्डरों द्वारा कब्जा कर कॉलोनी का मुख्य रास्ता बनाया जा रहा है जिससे कालोनी की कीमत बढ़ सके।

मोहन सैनी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि खसरा संख्या 13 में विकसित की जा रही भूमि में चेयरपर्सन पति हाजी शकील की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसमें हिस्सेदारी का स्टाम्प भी उनके पास मौजूद है। आरोप लगाया को काला. ेनी के रास्ते पर कब्जा करने के लिए ही उन्हें हिस्सेदारी दी गई है। उन्होंने



जिलाधिकारी से कहा कि इस काला. ेनी में किसी भी प्लॉट की रजिस्ट्री पर रोक लगाई जानी चाहिए जिससे किसी गरीब का नुकसान ना हो। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा इस कॉलोनी तक जाने वाले रास्ते को भी बिना टेंडर पास कराए बना दिया गया जो सरकारी धन का दुरपयोग है। साथ ही उन्होनें मांग की कि एसडीएम सरधना, अधिशासी अधिकारी लावड़ या एडीएम के अलावा किसी अन्य से अधिकारी से इस मामले की जांच कराई जाए जिससे जांच निष्पक्ष हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि कस्बे में ऐसे ओर भी कालोनियों है जिनमें सरकारी भूमि को मिला लिया गया है उनकी भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कस्बे व क्षेत्र की जनता का पैसा बिल्डरों द्वारा गबन किया जा रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 10.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता / सम्पदा-II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / सरदार पटेल मार्ग के कार्य क्षेत्र मे सरदार पटेल रोड रेलवे कॉलोनी में खाली अधिकारियों के बंगलों और टाइप-VI, VII फ्लैटों में सुधार कार्य हेतु। | रुपये 19899991.56 | रुपये 398000.00 | 08 महीने |

निविदा दिनांक 10.04.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र सं. 128-डब्लयू/269/खुली निविदा सूचना/टेंडर नं 36

दिनांक : 17.03.2026 897/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र मोदीपुरम में तीन दिवसीय पीएमएफएमई प्रशिक्षण प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ.प्र. लखनऊ के अन्तर्गत 17 मार्च से 19 मार्च तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र मोदीपुरम मेरठ में भारत सरकार की योजना अन्तर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) प्रशिक्षण वोकल फॉर लोकल आधारित प्रशिक्षण खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सूक्ष्म उद्योगो को बढ़ावा देने और बेरोजगारी दूर करने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन फीता काटकर हरेन्द्र कुमार जाटव सदस्य, एस.सी/एस.टी. आयोग उ.प्र. द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण किट वितरण करते हुए किया गया। इस अवसर पर डॉ. दीपाली मुदगल सहायक प्रोफेसर सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय मोदीपुरम मेरठ, विषय विशेषज्ञों नरेन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त) प्रभारी, सुशील कुमार सिरोही (सेवानिवृत्त) प्रभारी, प्रवेन्द्र कुमार (सेवानिवृत्त) प्रभारी, अनुरुद सिंह प्रभारी, नोएडा, अनिल कुमार



प्रशिक्षक कैनिग, विकास कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, रवि शर्मा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दिपांशु सिंघल डी.आर. पी. आदि द्वारा अपने विषय पर व्याख्यान देते हुए संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देशमुख कुमार, प्रभारी गाजियाबाद द्वारा सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रेमलता प्रभारी, राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र मोदीपुरम मेरठ द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्यप्रकाश, संयोग कुमार एवं 30 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# फलावदा में तीन नामित सभासदों की घोषणा, नगरवासियों में हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कस्बा बहसूमा के लिए तीन नामित सभासदों की घोषणा कर दी है। सोमवार देर रात जारी सूची में इन तीन लोगों को नगर पंचायत बहसूमा का नामित सभासद बनाया गया है। बता दें कि नामित सभासदों की जारी सूची के अनुसार कस्बा बहसूमा निवासी अमित गोयल पुत्र सुरेश चंद्र, वार्ड नंबर 7, जयवीर सिंह अहलावत पुत्र किशन सिंह वार्ड नंबर 11 और ओमवीर प्रजापति पुत्र सुजान सिंह को नामित सभासद बनाया गया है।



जयवीर अहलावत ओमवीर सिंह प्रजापति अमित गोयल

सरकार ने इन्हें नगर पंचायत कार्यों में सहभागिता और क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से चुना है। सोमवार देर रात नामित सभासदों की घोषणा के बाद समर्थकों व कस्बा वासियों ने उनके आवासों पर पहुंचकर फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। वहीं कस्बा वासियों ने बताया कि यह तीनों सभासद क्षेत्र के सामाजिक और जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं जिसके चलते उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। कस्बा वासियों ने उम्मीद जताई है कि यह नव नामित सभासद नगर की सफाई, पेयजल, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे इससे कस्बे के विकास को नई दिशा मिलेगी। नव नामित सभासदों को बधाई देने वालों में पूर्व चेयरमैन विनोद चाहल, धर्मेंद्र लांबा, लोकेश सिरोही, प्रमोद, ज्ञानेंद्र, ओमवीर लांबा, जितेंद्र कुमार,मोi. हत, आकाश, विकास मास्टर, ऋषभ गोयल, गौरव राजवंशी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने नव नामित सभासदों को बधाई दी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैने अपना नाम MUSRALEEN से बदलकर MURSALIN रख लिया है। भविष्य में मुझे MURSALIN के नाम से जाना व पहचाना जाए।

MURSALIN S/O MUBARIK ADDRESS: C/O: MUBARIK, Y-1000,MANGOLPURI, MANGOLPURI N BLOCK, PO: MANGOL N BLOCK, DIST: NORTH WEST DELHI DELHI-110083

**उत्तर रेलवे**

**पहला शुद्धिपत्र**

कार्य का नामः- " रेवाड़ी में स्टीम लोकोमोटिव सहित हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य।"

| टेंडर नं.: 67-SRDEE-G-DLI-2025-26 | | |
|---|---|---|
| | पहले प्रकाशित | संशोधन |
| कार्य का नाम | 67-SRDEE-G-DLI-2025-26 रेवाड़ी में स्टीम लोकोमोटिव सहित हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। | 67-SRDEE-G-DLI-2025-26 रेवाड़ी में स्टीम लोकोमोटिव सहित हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं के विकास से संबंधित विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 1,01,24,356.00/- | रु. 1,01,24,356.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 2,00,600.00/- | रु. 2,02,500.00/- |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 06.04.2026, 16.00 बजे | 06.04.2026, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 06.04.2026, 16.00 बजे | 06.04.2026, 16.00 बजे |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

टेंडर नं.: 67-SRDEE-G-DLI-2025-26 914/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर

● **आईपीएल-2026 : सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के, कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे।

आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुक. ाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षों के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है।

आईपीएल 2026 के पांच सबसे युवा खिलाड़ी

**वैभव सूर्यवंशी**- आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।



**आयुष म्हात्रे**- 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**साहिल पारिख**- आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने आक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**सात्विक देसवाल**- आईपीएल के लिए हुए आक्शन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

**विहान मल्होत्रा**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है। आईपीएल के पांच सबसे उम्रदराज खिलाडी

**एमएस धोनी**- आईपीएल 2026 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरेंगे। धोनी की उम्र 44 साल है। पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह 14 मुक. ाबलों में 135 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 196 रन ही बना सके थे।

**रोहित शर्मा**- मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में 38 साल की उम्र में खेलेंगे। रोहित के लिए पिछला सीजन बल्ले से शानदार रहा था। उन्होंने 15 मुकाबलों में 149 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 418 रन बनाए थे।

**विराट कोहली**- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पिछले सीजन पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विराट को. हली आईपीएल 2026 में खेलने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। आगामी सीजन में कोहली 37 साल की उम्र में खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल 2025 में खेले 15 मुकाबलों में विराट ने 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 657 रन बनाए थे।

**ईशांत शर्मा**- आईपीएल 2026 में ईशांत शर्मा 37 साल की उम्र में हिस्सा लेंगे। ईशांत गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि, आईपीएल 2025 में ईशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह 7 मुक. ाबलों में सिर्फ 4 विकेट निकाल सके थे और उनका गेंदबाजी इकोनामी भी 11.18 का रहा था।

**अजिंक्य रहाणे**- आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे इस सीजन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

---

**खेल विशेष**

## आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी छठे नंबर से नीचे नहीं उतरें : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है और एक बार फिर सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पर रहेगी। धोनी इस लीग की शुरुआत से ही हर सीजन में खेले हैं और फैंस फिर उन्हें मैदान पर उतरता हुआ देखेंगे। धोनी ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को सलाह दी है। डिविलियर्स ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम पर बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और 44 साल के धोनी फिर येलो जर्सी में नजर आएंगे। सीजन की शुरुआत से पहले डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। वहीं, सीएसके ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सैमसन को ट्रेड करने का फैसला किया, जो उनकी भविष्य की योजनाओं का हिस्सा था। धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके, उतना मजबूत बनाए रखने की रही है।

---

## आईपीएल स्टार यश दयाल की नोएडा में शादी, प्रयागराज में होगा रिसेप्शन



● **यश दयाल मीडिया एंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए हैं**

**प्रयागराज, वार्ता।** प्रयागराज के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यश दयाल मीडिया इंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए है।

दोनो ने करीबी रिश्तेदार और मित्रों की मौजूदगी में नोएडा में फेरे लिए है जबकि उनका रिसेप्शन प्रयागराज में होगा जिसमें खेल जगत की खास हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। यश दयाल के विवाह की की पुष्टि उनके पिता चंद्रपाल दयाल ने की है। उन्होंने बताया कि यश दयाल एक सप्ताह के भीतर प्रयागराज आएंगे, जिसके बाद यहां उनके सम्मान में एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में खेल जगत से जुड़े कुछ खास मेहमानों के शामिल होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर यश दयाल की शादी से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तेजी से वायरल हो रही हैं। प्रयागराज के रहने वाले यश दयाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट से जुड़े प्रमुख तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। शादी की खबर सामने आने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचिंतों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज के चकिया स्थित उनके घर पर भी उत्साह का वातावरण है और सभी उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। यश दयाल के पिता चंद्रपाल दयाल सरकारी कर्मचारी हैं।

---

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

● **द. अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली**



**हैमिल्टन, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुक. ाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली। उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया। एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाए। कायला रेनेके ने नौ गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रन ठोके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर और जेस केर ने दो-दो विकेट लिए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम को अयाबोंगा खाका की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 19-1 ओवर में 159 रन पर ढेर कर मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान अमेलिया केर ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (29), सोफी डिवाइन (25), मैडी ग्रीन (18), ब्रुक हॉलिडे (16) और जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए अयाबोंगा खाका चार विकेट लिए। एन म्लाबा को तीन विकेट मिले। एनेरी डर्कसेन, एन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

---

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को हराया

● **कीवियों ने द. अफ्रीका को 68 रनों से दी मात, डवेन कॉन्वे को उनकी शानदार बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया**



**हैमिल्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) की अर्धशतकीय पारी के बाद लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स (तीन-तीन विकेट) की बेहत. रीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से मात दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। डेवन कॉन्वे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 15-3 ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 68 रनों मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिडे ने 12 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रन बनाए। इसके अलावा रूबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16), जेसन स्मिथ (13) और जेसन स्मिथ (10) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स तीन-तीन विकेट लिए। मिचेल सैंटनर को दो विकेट मिले। जिमी नीशम और कोल मैककोन्ची ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। निक केली 12 गेंदों में (21) और कप्तान मिचेल सैंटनर 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। कोल मैककोन्ची ने 12 गेंदों में (नाबाद 18) और जॉश क्लार्कसन ने नौं गेंदों में नाबाद 29 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने दो विकेट लिए।

---

## चोटिल जॉर्डन हरमन शेष टी-20 मैचों से हुए बाहर



**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेब्यू करते हुए, हरमन को रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में खेले गए पहले टी-20 मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लगी थी, जिसके बाद वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। अब चिकित्सा जांच के लिए किए गए स्कैन से ग्रेड-2 टियर की पुष्टि हो गई है। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक हरमन की जगह किसी और खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है।

---

## पिंडली की चोट के कारण डेन वैन नीकेर्क न्यूजीलैंड दौरे से हुई बाहर



● **डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं**

**हैमिल्टन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की ऑलराउंडर डेन वैन नीकेर्क पिडली की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, 32 साल की इस खिलाड़ी को दाहिनी पिडली में चोट लगी है।

दोनों टीमों के बीच पहले महिला टी- 20 मैच से पहले उन्हें परेशानी महसूस हुई थी। वह उस मैच में नहीं खेलीं और अब न तो शेष टी-20 मैचों और न ही उसके बाद होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनकी जगह एनेके बॉश को टीम में बुलाया है।

डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसम्बर में टी-20 टीम में वापस आई थीं। उन्होंने आयरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेले थे। पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच न खेल पाने के बाद, वह न्यूजीलैंड में इस प्रारुप में खेलने के लिए तैयार थीं।

---

## डीडीसीए ने प्रतिका रावल व उद्धव मोहन को किया सम्मानित

● **सम्मान समारोह में प्रतिका रावल को 51 लाख व जूनियर टीम के मोहन को 11 लाख का नकद पुरस्कार दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया।

यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्व. कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है, जो दिल्ली की व्यवस्था से उभरकर सामने आए हैं और जिन्होंने देश का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है। इस तरह की उपलब्धियां उन अनगिनत युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करती हैं, जो इसी राह पर चलने का सपना देखते हैं। एक संघ के तौर पर, हमारा मानना है कि प्रतिभा की अगली पीढ़ी को निखारने में पहचान और प्रोत्साहन की अहम भूमिका होती है। रावल ने कहा कि जब आपको इतने बड़े मंच पर सम्मानित किया जाता है, खासकर डीडीसीए और रोहन सर द्वारा, तो सचमुच बहुत अच्छा लगता है।

---

## घुटने की चोट के चलते बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर



● **बेवन जैकब्स की जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया**

**हैमिल्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है। 23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिग) लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

---

## खालसा, किरोड़ी मल व विवेकानंद कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज ने जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के मैच में खालसा कॉलेज ने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएस) को 6-0 से हराया। विजेता टीम के लिए विपिन ने चार गोल किए, जबकि मनीष और तनुज ने एक-एक गोल दागे। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के विपिन को चुना गया। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान में उद्घाटन समारोह में खिली धूप में पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स मुख्य अतिथि थे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सरिता त्यागी विशिष्ट अतिथि थीं। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करके उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मेहमानों के साथ एसजीटीबी खालसा कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर गुरमोहिदर सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद के सहायक निदेशक डा. सुशील कुमार और पद्म श्री पुरस्कार विजेता डा. रवि चतुर्वेदी ने किया। किरोड़ी मल कॉलेज ने सेंट स्टीफंस कॉलेज को 11-2 से हराया। समर सिंह और रोहित डांगी ने चार-चार गोल किए। मैन ऑफ द मैच समर सिंह को चुना गया। महिला वर्ग में विवेकानंद कॉलेज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1-0 से हराया।

सम्पादकीय

बुधवार, 18 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान का खेल

डोनाल्ड ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की क्षमता का गलत आकलन सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट संकट, सहयोगी देशों की बेरुखी और बढ़ती तेल कीमतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ाया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि विश्लेषक इसे अमेरिका-इजरायल की बड़ी रणनीतिक चूक मान रहे हैं। ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं। ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका रु. 90 प्रतिशत तेल जाता है और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दुनिया दबाव की यह रणनीति टैरिफ वॉर में भी देख चुकी है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं। अमेरिका-इजरायल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है। बड़ी चूक। हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

## भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया



राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई, भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था, भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की, यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया, हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी सांसद**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिका. रिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विच. ारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**

# विकास का अनोखा मोड़, चीजों का लुप्त हो जाना

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे। इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति

> जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-साभार आर.आर.**




मलेशिया। सेपांग स्थित कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची ईरान की महिला फुटबॉल टीम की सदस्य।

## यूएई तट से 23 समुद्री मील पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला: यूकेएमटीओ

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। इस हमले में उसे मामूली क्षति हुई है। इसमें चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है।

# पश्चिम एशिया युद्ध पर चीन के बाद रूस की भी चेतावनी

## मास्को ने तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत शुरू करने की अपील की, नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने की अपील की है। इससे पहेल होर्मुज संकट पर चीन ने भी अमेरिका को चेतावनी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मौजूदा संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और इससे आम नागरिकों की जान पर खतरा बढ़ गया है।

रूस ने कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसे तुरंत रो. कने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ता अपनाना जरूरी है। रूस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में हिंसा का नया और खतरनाक दौर शुरू हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ा है और अब तक

■ रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं



सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट अंत नजर नहीं आ रहा है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व में हिंसा के अभूतपूर्व चक्र को जन्म दिया है। बयान में कहा गया कि यह हमला बिना उकसावे के किया गया था। रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं। रूस ने कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। मंत्रालय ने बताया कि ईरान और खाड़ी के अरब देशों में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। रूस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करें। बयान में कहा गया कि नागरिकों की मौत और पीड़ा को तुरंत रोकना जरूरी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। रूस के अनुसार इस मार्ग में बाधा आने से वैश्विक व्यापार और तेल बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है। रूस ने कहा कि वह इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मास्को ने कहा कि उसके पास ऐसे संसाधन और कूटनीतिक क्षमता है जिससे दीर्घकालिक और स्थायी समाधान में मदद मिल सकती है। रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

## इराकी हिजबुल्लाह ने की अपने वरिष्ठ कमांडर के मौत की घोषणा

**बगदाद/ब्रसेल्स।** ईरान से संबद्ध इराकी मिलिशिया, कताइब हिजबुल्लाह ने मंगलवार को अपने एक वरिष्ठ कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की घोषणा की।यह हाल के दिनों में समूह के शीर्ष नेताओं की हत्या की दूसरी घटना है। इससे पहले मिलिशिया ने पुष्टि किया था कि बगदाद स्थित उसके एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू अली अल-अमीरी मारा गया था। ये घटनाएं इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई हैं जिसमें दोनों पक्षों ने हाल के हफ्तों में एक दुसरे पर हमलों की सूचना दी है। इससे पहले हिजबुल्लाह समूह ने बगदाद के बाहर एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट के पास रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### निर्यात सामान वापस आने पर आयात नहीं माना जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध की वजह से रास्ता नहीं मिलने के कारण यदि कोई निर्यात किया गया सामान वापस आता है तो अनलोडिग होने पर उसे घरेलू सामान के रूप में ही माना जाएगा और आयात नहीं माना जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने लोकसभा में मंगलवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वैश्विक माहौल में जो सामान निर्यात हो रहा है उसे निर्धारित जगह पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रवीना टंडन नजर आएंगी गार्नियर कलर नेचुरल्स के नए कैंपेन में


**मुंबई।** गार्नियर ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नजर आएंगी। यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

## पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंचा, जंग खत्म होने के संकेत नहीं, बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाच. ार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले पारंपरिक अग्नि उत्सव 'चहारशंबे सूरी' को लेकर इस बार भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है। ईरानी प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए इस साल किसी भी प्रकार ऐसे त्योहार को मनाने पर रोक लगा दी है जिसमें लोग एक जगह जमा होकर नाचते गाते हैं। 'चहारशंबे सूरी' पर्व फारसी कैलेंडर के अंतिम मंगलवार की रात को मनाया जाने वाला एक प्राचीन उत्सव है। इसमें लोग अलाव जलाकर उसके ऊपर से गुजरते हैं और कूदते हैं, जिसे शुद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक समय में यह उत्सव आतिशबाजी और दावतों के रूप में तब्दील हो गया है, जो वसंत के आगमन और नौरोज की खुशी का संकेत देता है। ईरानी रेड क्रिसेंट, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं के जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध की स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए लोगों को सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। प्रशासन का तर्क है कि इस समय चिकित्सा प्रणाली और आपातक. ालीन संसाधनों को सुरक्षित रखना अनिवार्य है ताकि उन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और विपक्षी नेताओं का मानना है कि उत्सव पर यह रोक सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि असंतोष को दबाने के लिए लगाई गई है। जनवरी में हुए देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शासन डरा हुआ है। कई प्रांतीय अधिकारियों ने इस उत्सव को 'राष्ट्रीय व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 'दुश्मन' इस तरह की भीड़ का फायदा उठाकर अशांति फैला सकता है।



■ ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले 'चहारशंबे सूरी' त्योहार पर सरकारी रोक

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच चीन की बड़ी पहल

■ ईरान, लेबनान और पड़ोसी देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता की घोषणा

**बीजिंग।** चीन ने पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और संघर्षों ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है और इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। चीन का यह कदम उन क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए है जहां युद्ध के कारण बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शांति बहाली की अपील की है। जियान ने जोर देकर कहा कि चीन शांति को बढ़ावा देने और तत्काल युद्धविराम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेगा।

## धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ एकजुट हो विश्व समुदाय

■ यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी का इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया में आह्वान

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी ने मंगलवार को धर्म के राजनी. तिकरण और आस्था को हथियार बनाने के बढ़ते खतरों के खिलाफ वैश्विक सतर्कता का आह्वान किया।

पर्वतानेनी इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और 'यूनाइटेड नेशंस अलायंस ऑफ सिविलाइज. ेशन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने 'इस्लामोफोबिया के नैरेटिव' का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आस्था का उपयोग करना चिंता. जनक है। पर्वतानेनी ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक पहचान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और इसे संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति और खतरों पर ध्यान दे, चाहे वह सरकारी पक्ष की तरफ से हो या गैर-सरकारी पक्ष की ओर से। भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने पड़ोस में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत ने सभा से पड़ोसी देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने का आग्रह किया और सवाल उठाया कि अहमदिया समुदाय के व्यवस्थित दमन और अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई आश्चर्य कर सकता है कि इस देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन, या असहाय अफगानों की बड़े पैमाने पर वापसी या रमजान के इस पवित्र महीने में हवाई बमबारी अभियानों को क्या कहा जाएगा? राजदूत ने चुनिंदा नैरेटिव (विमर्श) के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण शिकायतों का समाधान नहीं करता है। हम ऐसे ढांचे के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं जो केवल एक ही आस्था पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बिना इसके सभी रूपों में 'रिलिजियोफोबिया' (धर्म के प्रति डर) को संबोधित किए। पर्वतानेनी ने धर्म या विश्वास के आधार पर असहिष्णुता और भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर 1981 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र को एक 'संतुलित और स्थाई साधन' बताया जो 'किसी को विशेषाधिकार दिए बिना सभी धार्मिक अनुयायियों के अधिकारों की रक्षा करता है।

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर सहयोगी देशों के रुख से ट्रम्प नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह' की कमी है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पांचवें हिस्से की जहाजों से जरिए आपूर्ति की जाती है। ट्रम्प ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रम्प ने कहा कि यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमे. रिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रम्प ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और बहुत हैरान हूं।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 206 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने पिछली रात 206 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पिछली रात वायु रक्षा प्रणालियों ने 206 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 62 ड्रोन ब्रायांस्क क्षेत्र में, 43 मॉस्को क्षेत्र में , 28 क्रास्नोडार क्षेत्र में, 18 क्रीमिया में, 12 स्मोलेंस्क क्षेत्र में, 9 कलुगा क्षेत्र में, 8 बेलगोरोड क्षेत्र में, 6 रोस्तोव क्षेत्र में, 4 लेनि. नग्राद क्षेत्र में, 3 अस्त्रखान क्षेत्र में और 1 अदिगेया गणराज्य में मार गिराए गए। इसके अलावा, आजा. ेव सागर के ऊपर 12 ड्रोनों को भी नष्ट किया गया है।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

## नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से किया इन्कार, 17 दिन बाद हालात बदले

**वाशिंगटन।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है।

ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वारशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा।



■ द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।



## सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी। पारंपरिक सुप. रहीरो जहां दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है। हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है। अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं। उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया। वहीं बस्तर: द नक्सल स्टोरीमें उन्होंने एक गंभीर और ग्रिटी किरदार निभाया है।

## काशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** अभिनेत्री कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है।यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है। फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है। आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है।

## नाइजीरिया: तीन भीषण धमाकों से दहला बाजार

■ 23 की मौत और 100 से अधिक घायल

**अबुजा।** नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर में सोमवार शाम हुए तीन सिलसिलेवार बम धमाकों में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन हमलों में शहर के व्यस्ततम इलाकों को निशाना बनाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों ने 'मंडे मार्केट', 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल' के गेट और 'पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में आईईडी के जरिए ये विस्फोट किए। धमाके उस समय हुए जब इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी, जिससे हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ। विस्फोटों के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि वर्तमान में मैदुगुरी में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। इन घातक हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। मैदुगुरी क्षेत्र लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108